बजट छपाई का काम नहीं होने से इस बार बजट तैयार करने वाले कर्मचारियों के लिए हलवा रस्म का आयोजन भी नहीं किया गया। वित्त मंत्रालय के मुताबिक हलवा की जगह इन कर्मचारियों को मिठाई खिलाई गई ...

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 46 दिनांक: 28-01-2022 शुक्रवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M

एयर इंडिया की कमान अब आधिकारिक तौर पर टाटा समूह के हाथों में आ गई

अब बाजार में बिकेगी कोवीशील्ड और कोवैक्सीन मिली मंजूरी

-कीमत प्रति खुराक 275 और अतिरिक्त सेवा शुल्क 150 रुपये तक हो सकती है

नई दिल्ली(ईएमएस)। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कोविड-19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन को वयस्क आबादी के लिए कुछ शर्तों के साथ नियमित रूप से बिक्री की अनुमति दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। निर्धारित शर्तों के मुताबिक, ये दोनों ही वैक्सीन दुकानों पर नहीं मिलेंगी। प्राइवेट अस्पताल और क्लिनिक ही इन्हें खरीद सकेंगे और ये वहीं लगाई जाएगी। इन दोनों ही टीकों की कीमत प्रति खुराक 275 रुपये और अतिरिक्त सेवा शुल्क 150 रुपये तक हो सकती है।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) को टीकों को किफायती बनाने के लिए कीमत को सीमित रखने की दिशा में काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अभी तक, कोवैक्सीन की कीमत 1,200 रुपये प्रति खुराक है, जबकि कोविशील्ड की एक खुराक की कीमत निजी अस्पतालों में 780 रुपये है। कीमतों में 150 रुपये का सेवा शुल्क भी शामिल है। फिलहाल दोनों टीके देश में केवल आपातकालीन उपयोग के लिए अधिकृत हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 पर विषय विशेषज्ञ समिति ने 19 जनवरी को कुछ शर्तों के साथ वयस्क आबादी के बीच उपयोग के लिए कोविड रोधी टीकों कोविशील्ड और कोवैक्सीन को नियमित रूप से बाजार में उतारने की मंजूरी देने की सिफारिश की थी। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, ''एनपीपीए को टीकों की कीमत सीमित रखने की दिशा में काम करने को कहा गया है। कीमत 275 रुपये प्रति खुराक और 150 रुपये के अतिरिक्त सेवा शुल्क के साथ मूल्य को सीमित रखे जाने की संभावना है।'' सीरम इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया के निदेशक (सरकार और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह ने 25 अक्टूबर को भारत के औषधि महानियंत्रक को एक आवेदन जमा किया था, जिसमें कोविशील्ड टीके को बाजार में उतारने की मंजूरी मांगी गई थी। कुछ सप्ताह पहले भारत बायोटेक के पूर्णकालिक निदेशक वी कृष्ण मोहन ने कोवैक्सीन के लिए नियमित मंजूरी की मांग करते हुए क्लीनिक डेटा के साथ-साथ रसायन विज्ञान, निर्माण और नियंत्रण संबंधी पूरी जानकारी प्रस्तुत की। कोवैक्सीन और कोविशील्ड को पिछले साल तीन जनवरी को आपातकालीन उपयोग मंजूरी (ईयूए) दी गई थी।

भारत में बढ़ रही असहिष्णुता: हामिद अंसारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। हामिद अंसारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हाल के वर्षों में नागरिक राष्ट्रवाद को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से बदलने की कोशिशें हो रही हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कहा कि धार्मिक बहुमत को राजनीकि एकाधिकार के रूप में पेश करके मजहब के आधार पर असहिष्णुता को हवा दी जा रही है। हामिद अंसारी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर वॉशिंगटन में आयोजित वर्चुअल इवेंट में यह बातें कहीं। उनके साथ इस कार्यक्रम में एक अमेरिकी सीनेटर और निचले सदन यानी यूएस कांग्रेस के भी तीन सांसद मौजूद थे। यही नहीं अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के चेयरमैन ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। भारत के 'बहुलतावादी संविधान का संरक्षण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में हामिद अंसारी एवं अन्य लोगों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हेट स्पीच एक्ट के कथित बेजा इस्तेमाल और कश्मीरी एक्टिविस्ट खुर्रम परवेज की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा की। हालांकि ऐसे तमाम दावों को भारत सरकार यह खारिज करती रही है। सरकार की ओर से अपने लोकतांत्रिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा गया है कि उसकी संसदीय प्रणाली और कानून पूरी तरह से पारदर्शी हैं। देश में नियमित और पारदर्शी चुनावों को भी भारत सरकार दुनिया के आगे लोकतंत्र की सफलता के तौर पर पेश करती रही है। वॉशिंगटन में इस इवेंट का आयोजन 17 अमेरिकी संगठनों के समूह की ओर से किया गया था। इनमें से एक संगठन इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल भी है। इसे त्रिपुरा सरकार सुप्रीम कोर्ट में दिए अपने एफिडेविट में राज्य में हुए सांप्रदायिक दंगों के लिए जिम्मेदार ठहरा चुकी है। यही नहीं इस संगठन पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का आरोप है। इसके अलावा कुछ और अतिवादी संगठनों से इसका ताल्लुक है। हालांकि की ओर से इन आरोपों को खारिज किया गया है। उसका कहना है कि वह एक अमेरिकी नागरिक अधिकार संगठन है। कार्यक्रम में शामिल सभी 4 अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हुए हैं। एड मार्की, एंडी लेविन, जेमी रस्किन और जिम मैकगवर्न की ओर से पहले भी भारतीय लोकतंत्र के बारे में टिप्पणियां की जाती रही हैं। वहीं हामिद अंसारी की बात करें तो उपराष्ट्रपति पद से से इस्तीफे के बाद से ही वह लगातार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की आलोचना करते रहे हैं। अमेरिकी संस्था अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की बात करें तो उसकी ओर से कई बार भारत में स्थितियों को चिंताजनक बताया जा चुका है।

बिहार में रेलवे भर्ती को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन ने तूल पकड़ा

पटना (ईएमएस)। बिहार में रेलवे भर्ती को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन तूल पकड़ रहा है। राज्य में आगजनी और पत्थर फेंके जाने तक की घटनाएं भी हुई हैं। इस पूरे बवाल को लेकर कुछ कोचिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें एक नाम खान कोचिंग के फैजल खान का भी जिन्हें 'खान सर' के नाम से भी जाना जाता है। उनके अलावा तीन लोगों पर स्टूडेंट्स को भड़काने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि सरकार के सूत्रों का कहना है कि फिलहाल इस एफआईआर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। सरकार को इस बात का भी डर है कि कहीं कार्रवाई करने के बाद मामला और बिगड़ न जाए।

आरआरबी एनटीपीसी रिजल्ट के विरोध में 28 जनवरी को देशभर में होने जा रहे रेल रोको आंदोलन को कांग्रेस ने खुलकर अपना समर्थन दे दिया है।कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत इसकी घोषणा कर कहा कि 28 तारीख को रेल रोको आंदोलन आयोजित होगा है, हम आंदोलन को समर्थन देते हैं।हालांकि पार्टी की तरफ से अपील की गई है कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण होना चाहिए।पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मैं यह अपील करते हुए करना चाहती हूं, कि 28 तारीख को रेल रोको आंदोलन आयोजित किया गया है, हम इसका समर्थन करते हैं।शांतिपूर्ण ढंग से अभियान, आंदोलन करना होगा।

उन्होंने कहा कि जैसा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि ये गांधी का देश है। सत्य और अहिंसा से चलता है।शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन होगा, तब सरकार को घुटने टेकना पड़ेगा। इसका सबसे बड़ा उदाहरण किसान आंदोलन है। किसी भी अभियान, आंदोलन में लेशमात्र भी हिंसा की जगह नहीं है।उन्होंने कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं, कि बड़े-बड़े वादे करने के बाद उन्हें पूरा ना करके आप वादाखिलाफी देश के साथ ही नहीं, देश के युवाओं के साथ भी कर रहे हैं।युवाओं को सिर्फ और सिर्फ रोजगार चाहिए।उनके रोजगार को छोड़कर आप हर बात करने को तैयार हैं।

सरकार के हाथों से निकली एयर इंडिया अब एयरलाइन में बड़े बदलाव करेगी टाटा

नई दिल्ली (ईएमएस)। अब तक सरकार के स्वामित्व में रही एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। एयर इंडिया की कमान अब आधिकारिक तौर पर टाटा समूह के हाथों में आ गई है। इस अधिग्रहण प्रक्रिया के बाद अब टाटा समूह एयरलाइन के ऑन-टाइम-परफॉर्मेंस में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेगा। क्या कुछ बदलेगा सूत्रों ने एयर इंडिया के औपचारिक हैंडओवर के बाद टाटा बड़े बदलाव करेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकतम जोर दिया जाएगा कि एयर इंडिया के सभी विमान समय पर उड़ान भरें। यही नहीं, टाटा समूह ने कई अन्य बदलावों की भी योजना बनाई है। जानकारी के मुताबिक बैठने की व्यवस्था और केबिन क्रू की ड्रेस में भी बदलाव होगा। सूत्रों ने कहा कि टाटा होटल व्यवसाय में अग्रणी कंपनी है और वह एयरलाइन में भोजन की गुणवत्ता में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। एयर इंडिया के एक अधिकारी के मुताबिक, रतन टाटा का रिकॉर्डेड मैसेज एयर इंडिया के सभी विमानों में ऑन बोर्ड चलाया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में ऋणदाताओं का एक एसोसिएशन एयर इंडिया के लिए कर्ज भी देने को तैयार है। बैंकों के एसोसिएशन में एसबीआई के अलावा पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। ये एसोसिएशन घाटे में चल रही एयरलाइन एयर इंडिया के सुचारू संचालन के लिए टाटा समूह को ऋण प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है। बता दें कि सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में एयर इंडिया की बिक्री के लिए टाटा समूह के साथ 18,000 करोड़ रुपये में शेयर खरीद समझौता किया था। सौदे में एयर इंडिया एक्सप्रेस और उसकी इकाई एआईएसएटीएस की बिक्री भी शामिल है। हस्तांतरण प्रक्रिया से पहले, 24 जनवरी को निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने एयर इंडिया लिमिटेड और एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) द्वारा और उनके बीच एयरलाइन की संपत्तियों के हस्तांतरण के लिए किए गए समझौते की रूपरेखा को अधिसूचित किया।

पंजाब के लोग पूछ रहे हैं कांग्रेस का चेहरा' - राहुल गांधी से बोले नवजोत सिंह सिद्धू

चंडीगढ़ (ईएमएस)। गुरुवार को पंजाब में कांग्रेस की वर्चुअल रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने राहुल गांधी से राज्य में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग कर डाली।

नवजोत सिद्धू ने कहा, 'आज पंजाब के लोग पूछ रहे हैं कि इस एजेंडे को लागू कौन करेगा। बंदा कौन होगा चेहरा कौन दोगे? मैं कहता हूं सर आप किसी को भी बनाओ, इसके लिए आप समझ लो लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि अगर आप यह बता दोगे कि इसको लागू कौन करेगा, 70 सीट के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। वचन है राहुल जी को कि आपका फैसला पूरी कांग्रेस पार्टी मानेगी, अनुशासन पालेगा वही शासन पालेगा, हम अगली जेनरेशन के लिए लड़ रहे हैं।'

सिद्धू ने कहा, 'हम सरकार बनाने के लिए लड़ रहे हैं। नई सरकार बनाने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू अगर उफ़्फ़ गया तो कहना, लेकिन निर्णय लेने की ताकत देना। चाहे कोई भी फैसला हो लेकिन बस केवल देखने वाला घोड़ा मत बना देना।'

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'पंजाब किस डायरेक्शन में, किस रास्ते आगे बढ़ेगा यह सवाल है। हमारे लिए कांग्रेस के लिए पंजाब एक सिंबल है, सिर्फ एक प्रदेश नहीं है। एक विचारधारा है, एक सोच है, पंजाब भाईचारा है। हमारे सामने पंजाब का चुनाव है, यह सिर्फ एक चुनाव नहीं यह पंजाब के भविष्य का सवाल है। आपने देश को प्रधानमंत्री दिया। 10 साल मनमोहन सिंह ने देश को रास्ता दिखाया। यह हमारी आइडियोलॉजी के लिए एक जरूरी चिन्ह है। आज गाड़ी में किसी ने कहा, कहीं भी देखो ऊपर नीचे, पंजाब में कांग्रेस और कांग्रेस की विचारधारा दिखेगी। मनमोहन सिर्फ एक प्रधानमंत्री नहीं, विचारधारा हैं। रास्ता आपको चुनना है।'

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर राहुल गांधी ने कहा, 'अगर कांग्रेस पार्टी चाहती है और पंजाब चाहता है तो हम चीफ मिनिस्टर का निर्णय लेंगे। कैसे निर्णय लेंगे? यह निर्णय हम अपने कार्यकर्ता से पूछ कर लेंगे। और जो सही व्यक्ति होगा वह वह पंजाब को आगे ले जाएगा और बाकी दूसरे सब लोग मिलकर एक टीम जैसे लड़ाई लड़ेंगे। चाहे बीजेपी हो या फिर आम आदमी पार्टी हो यह सब पावर को कंसंट्रेट करती हैं, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के हाथ में देती हैं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है कि हम पावर को जनता के हवाले करना चाहते हैं। आज पावर को सेंट्रलाइज किया जा रहा है जो राष्ट्रीय स्तर पर नरेंद्र मोदी करते हैं।'

ओमिक्रॉन है भारत में अब कोरोना संक्रमण का प्रमुख वेरिएंट

-स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा- देश में डेल्टा के मामले भी बड़ी संख्या में हैं

नई दिल्ली(ईएमएस)। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने आज एक बड़ी बात कही। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि ओमिक्रॉन वेरिएंट भारत में कोरोना का एक प्रमुख रुप है। मंत्रालय ने कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से कोरोना संक्रमण का उछाल आया है और देश में सामने आ रहे कोरोना के मामलों में ज्यादातर मामले ओमिक्रॉन के हैं। इसके साथ ही सरकार ने यह भी माना है कि ओमिक्रॉन के साथ साथ अभी भी देश में डेल्टा वेरिएंट के मामले बड़ी संख्या में हैं और उसके केसेस में तेजी भी आई है।

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ओमिक्रॉन भारत में अब कोविड का प्रमुख वेरिएंट हैं। सरकार ने कोविड की तीसरी लहर में मौतों की संख्या में आई गिरावट के पीछे वैक्सीनेशन का जिम्मेदार माना है। मंत्रालय के मुताबिक सक्रिय मामले और संबंधित मौतों की संख्या बेहद कम है और तीसरी लहर में संक्रमण की गंभीरता भी अपेक्षाकृत कम है। सरकार ने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक मामले हल्के लक्षण से लेकर मध्यम गंभीरता वाले हैं और इसी के साथ इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो अपने घरों में आइसोलेशन में है। सरकार के मुताबिक ऐसे मामले बहुत कम हैं जिन्हें आईसीयू बेड की या फिर ऑक्सीजन की जरूरत हो। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (घ्ण्ैं) के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने जानकारी देते हुए कहा कि देश में कोरोना के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा की वायरस के खिलाफ जारी लड़ाई में कम से कम समय में अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाना यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

बीजेपी के न्योते पर जयंत चौधरी का जवाब कोई चवन्नी नहीं जो पलट जाऊं

बुलंदशहर (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न दलों में नेताओं के दलबदल के साथ ही गठबंधनों के बनने-बिगड़ने को लेकर सम्भावनाओं और आशंकाओं का दौर भी अभी थमा नहीं है। बीजेपी सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा के नई दिल्ली स्थित आवास पर पंचायत और ज़िला स्तर के क़रीब 200 प्रभावी जाट नेताओं की बैठक हुई थी। इसी दिन भाजपा की ओर से राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी को ऑफर दिया गया था। गुरुवार को जयंत चौधरी ने इस न्योते को ठुकराते हुए तमाम सम्भावनाओं पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं कोई चवन्नी नहीं जो पलट जाऊं।' जयंत चौधरी ने कहा कि कल रात से एक खबर चल रही है कि दिल्ली में एक बहुत बड़ी बैठक हुई। ये लोग कहां गए थे जब लखीमपुर में किसानों को कुचला गया, रौंदा गया। पशु के ऊपर भी कोई इस तरह से गाड़ी, इंसानियत रखने वाला, कोई भी इंसान इस तरह की वारदात नहीं करेगा। आज भी वे लोग मंत्री बने बैठे हैं। ये लोग कहां थे जो आज मुझसे-आपसे उम्मीद कर रहे हैं। मैं कोई चवन्नी हूं जो पलट जाऊंगा। ये हमारे मान-सम्मान की बात है। ये फैसले मैं अकेले नहीं लेता। बहुत सोच विचार कर हमने ये फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश की जनता की जो मूल समस्याएं हैं उनका हल कैसे निकाला जाए। आज जो सरकारें हैं वो सुनती नहीं। उत्तर प्रदेश की 11 समस्याएं हैं, उनका हल निकलना चाहिए। हम सत्ता में आज जाएंगे तो प्रयास करेंगे ईमानदारी से लेकिन मुझे ये अहंकार नहीं है कि मैं कह दूं कि सारी समस्याएं सुलझ जाएंगी। बहुत बड़ी-बड़ी चुनौतियां हैं। हम ईमानदारी से प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जाट समुदाय से एक बार फिर समर्थन हासिल करने की कोशिश में जुटी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कल समाजवादी पार्टी (सपा) गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को साथ आने का ऑफर दे दिया था। बीजेपी सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा था कि जयंत चौधरी गलत रास्ते पर चले गए हैं और बीजेपी ने उनके लिए अपने दरवाजे अब भी खुले रखे हैं। वहीं, जयंत चौधरी ने कल ही बीजेपी के ऑफर को ठुकराते हुए कहा था कि उनकी बजाय बीजेपी को उन 700 किसान परिवारों का न्योता देना चाहिए, जिनके घर उजड़ गए। गुरुवार को उन्होंने एक बार फिर बीजेपी के इस ऑफर पर अपनी बात रखी।

95 फीसदी को पहली और 74 फीसदी को लग चुकी है वैक्सीन की दूसरी डोज: स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में कोरोना टीकाकरण को लेकर गुरुवार के दिन एक बड़ा अपडेट सामने आया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि देश में अब तक 95 फीसदी लोगों को कोरोना टीके की पहली खुराक और 74 फीसदी लोगों को कोरोना टीके की दूसरी खुराक लग चुकी है। उन्होंने ये भी बताया कि देश की 97 लाख से ज्यादा की आबादी को प्रिकॉशन डोज लग चुकी है। गुरुवार की रोज प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने जानकारी दी कि देश में अब तक 95ज्ञ लोगों को पहली खुराक और 74ज्ञ लोगों को दूसरी खुराक लग चुकी है। जबकि 97.03 लाख की आबादी को बूस्टर डोज लग चुकी है। लव अग्रवाल ने बताया कि 27 जनवरी तक भारत में 22,02,472 कोरोना के सक्रिय मामले हैं। मामले की सकारात्मकता दर 17.75ज्ञ (पिछले एक सप्ताह में) है। 11 राज्यों में 50,000 से अधिक सक्रिय मामले हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल में 3 लाख से अधिक सक्रिय मामले हैं। पिछले सप्ताह के दौरान देश भर में कुल मामले की सकारात्मकता दर लगभग 17.75ज्ञ थी। 11 राज्यों में 50,000 से अधिक कोरोना के सक्रिय मामले हैं, 14 राज्यों में 10,000-50,000 सक्रिय मामले हैं और 11 राज्यों में 10,000 से कम सक्रिय मामले हैं। कर्नाटक, महाराष्ट्र और केरल में 3 लाख से अधिक और आंध्र प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु में एक लाख से अधिक सक्रिय मामले हैं। हम कंटेनमेंट गतिविधियों को लेकर राज्यों के संपर्क में हैं। 26 जनवरी तक 551 जिलों में मामले की सकारात्मकता दर 5ज्ञ से अधिक थी।

उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारें केवल जातिवाद और परिवारवाद के लिए चली : अमित शाह

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है उसने सघन प्रचार अभियान आरंभ कर दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह मथुरा पहुंचे थे। मथुरा पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले बांके बिहारी के दर्शन किए। इसके बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अखिलेश यादव और मायावती पर जमकर हमले किए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में चुनाव को विधायक के चुनाव की तरह मत समझिए। किसी के मंत्री और मुख्यमंत्री बनने का चुनाव मत समझिए। उत्तर प्रदेश का चुनाव भारत के भाग्य का निर्णय करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र की समस्त जनता को मैं हाथ जोड़कर धन्यवाद करना चाहता हूं क्योंकि चाहे चुनाव 2014 का हो, 2017 का हो या चाहे 2022 का हो, ब्रज के डिब्बे जब खुलते हैं तो सिर्फ कमल ही कमल दिखाई देता है।

अखिलेश यादव और मायावती पर हमला करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकारें चली, ये केवल जातिवाद और परिवारवाद के लिए चली। तुष्टिकरण के आधार पर चली, भृष्टाचार का यहां बोलबाला था। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले उत्तर प्रदेश की जनता ने सपा और बसपा की सरकारें देखीं हैं। सपा आती थी एक जाती का काम करती थी। बसपा आती थी दूसरी जाती का काम करती थी। कभी किसी ने इस राज्य के विकास का नक्शा नहीं खींचा। भाजपा की सरकार किसी एक जाती की नहीं बल्की सारे समाज की है। उन्होंने अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार के बाद बाहुबली पुलिस से डरकर सरेंडर करने लगे हैं। जब इन पर गाज गिरती है तो अखिलेश यादव के पेट में दर्द होता है।

गुलाम नबी को पद्म भूषण सम्मान मिलने पर कांग्रेस के अंदर बढ़ी कटुता, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने अब तक नहीं दी बधाई

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई दिनोंदिन गहरी होती जा रही है। कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल गुलाम नबी आजाद को दिया गया पद्म भूषण भी पार्टी को नागवार गुजरा है। एक तरफ जहां टीम राहुल के रणनीतिकार माने जाने वाले जयराम रमेश ने उन पर परोक्ष रूप से सरकार का गुलाम होने का बड़ा तंज कर दिया, वहीं एक दिन गुजरने के बाद भी कांग्रेस के किसी शीर्ष नेता ने उन्हें बधाई तक नहीं दी।

लड़ाई तब और तीखी हो गई जब नाराज नेताओं में शामिल कपिल सिब्बल ने आश्चर्य जताया कि जिसकी (आजाद) उपलब्धियों और योगदान को देश मान्यता दे रहा है, उसकी पार्टी में कोई उपयोगिता नहीं है। अब तक सिर्फ तीन कांग्रेसी नेताओं ने आजाद को बधाई दी है और वे तीनों कभी न कभी पार्टी नेताओं की असहिष्णुता का शिकार रहे हैं। शशि थरूर ने सबसे पहले बधाई दी और कहा- दूसरे पक्ष की सरकार ने भी आपकी उपलब्धियों को पहचाना और सम्मानित किया, इसके लिए बधाई हो।

जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, पीओके खाली करे पाकिस्तान : भारत

जिनेवा (ईएमएस)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सत्र में पाकिस्तान को सख्त लहजे में संदेश देकर जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हैं, यह बात दिया। पाकिस्ता ने अवैध रूप से कश्मीर के हिस्से पर कब्जा कर रखा है, उन्हें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से जल्दी से दूर जाना चाहिए।आर. मधुसूदन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा पूरा जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस मुद्दे पर पाकिस्तान की स्थिति महत्वपूर्ण नहीं है। पाकिस्तान ने अनैतिक और अवैध तरीके से कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा किया है। जिसे पीओके के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जा किए क्षेत्र को खाली करे।

भारतीय दूत की टिप्पणी पर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रहे उनके दूत मुनीर अकरम ने भारत पर पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद को मदद करने का आरोप लगाया। मुनीर ने कहा, भारत पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद का समर्थन कर रहा है। पाकिस्तान की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देकर मधुसूदन ने कहा, पाकिस्तान का अपने ही देश में आतंकवादियों को पनाह देने का इतिहास रहा है। आतंकवादी सहायता, वित्तपोषण, सब कुछ पाकिस्तान से आया है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का प्रायोजक है। भारत ने सुरक्षा परिषद की बैठक में मुंबई हमलों को लेकर भी सवाल उठाए।भारत ने कहा 2008 के मुंबई हमलों के अपराधियों पर अभी तक मुकदमा नहीं चला है। वह पाकिस्तान में खुशी-खुशी अपने दिन बिता रहे हैं।

कार्टून कोना

बिहार के बक्सर जिले में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से 6 लोगों की मौत

पटना (ईएमएस)। बिहार के बक्सर जिले में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पुष्टि की है कि अभी तक 6 लोगों की मौत हुई है लेकिन मौत का कारण पता नहीं है । यह हादसा बक्सर जिले के अंसारी ग्राम में हुआ। इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह घटना देर रात हुई है जिसमें 6 लोगों की जान चली गई। घरवालों की मानें तो शराब लगातार क्षेत्र में बेची जा रहा थी, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। मामले में अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि इस हादसे में जो लोग हताहत हुए हैं उन्हें सफेद रंग का रसायन सेवन करने के लिए दिया गया था। घटनास्थल से जो डिब्बे बरामद हुए है, उनके किसी प्रकार के अवशेष बरामद नहीं हुए हैं, फिर भी उसे विश्लेषण के लिए भेजा जाएगा। मृतकों की पहचान आनंद कुमार सिंह (28), मिंकू सिंह (35), भिरूग सिंह (48), शिव मोहन यादव (55) एवं सुखु मुसहर (52) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में बीमार पडे दो अन्य उपचाराधीन हैं।

सपा का दावा कैराना में कभी नहीं हुआ हिंदुओं को पलायन!

-जो अपने काम और कारोबारी वजहों से गए थे और अब लौट आए हैं

लखनऊ(ईएमएस)। यूपी विधानसभा चुनाव में मुजफ्फरनगर जिले का कैराना कस्बा फिर सुर्खियों में है। यह वही कस्बा है, जो 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के दौरान पहली बार चर्चा में आया था। फिर 2014 से 2016 के बीच लगातार यहां से खबरें आती रहीं कि कई हिंदू परिवार मुस्लिमों की प्रताड़ना से तंग आकर कैराना से पलायन कर रहे हैं। हालांकि अब यहां चुनावी माहौल में यह प्रचारित किया जा रहा है कि यहां से कभी पलायन हुआ ही नहीं। जो लोग कैराना छोड़कर गए भी, वे अपने काम और कारोबारी वजहों से गए थे और अब लौट आए हैं।

दरअसल, 22 जनवरी को भाजपा के नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कैराना के दौरे पर थे। उन्होंने वहीं से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन घरों में खास तौर पर सघन जनसंपर्क किया, जो कैराना छोड़कर जाने के बाद वापस लौटे हैं। इस तरह प्रतीकात्मक तौर पर भाजपा ने मतदाताओं को यह संदेश देने की कोशिश की कि राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के दौरान सांप्रदायिक तनाव बिल्कुल नहीं है। जबकि पहले कई गांव-कस्बे खाली हो गए थे। अमित शाह ने तस्वीरों के साथ ट्वीट भी किया था। इसमें लिखा था, कभी पलायन के डर से सहमी इन आंखों में आज सुरक्षा का भाव और आत्मसम्मान का गौरव देखकर मन को बहुत खुशी हुई। यहीं, इस बाबत एक और चीज ध्यान रखने की है कि योगी आदित्यनाथ बीते कुछ समय में कई बार उत्तर प्रदेश के इस चुनाव को 80 बनाम 20 की संज्ञा दे चुके हैं। इसमें 80 से उनका तात्पर्य हिंदू समुदाय से रहा है। जाहिर तौर पर, इन बयानों और गतिविधियों पर जवाबी प्रतिक्रिया आनी ही थी। और यह आई भी। समाजवादी पार्टी की ओर से पार्टी के मुजफ्फरनगर के एक नेता गुलाम मोहम्मद कहते हैं, 'कैराना से कभी पलायन हुआ ही नहीं। लोग अपने काम-धंधे के लिए बाहर गए थे, जो वक्त के साथ लौट भी आए। भाजपा बेवजह का भी मुद्दा बना रही है। इससे कुछ नहीं होगा। कैराना में उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले चरण में 10 फरवरी को ही मतदान है। यहां से भाजपा ने मृगांका सिंह को टिकट दिया है। वहीं सपा ने 2017 में यह सीट जीतने वाले नाहिद हसन को फिर उम्मीदवार बनाया है। लेकिन चुनावी संघर्ष को रोचक बनाया है इकरा चौधरी ने, जो नाहिद हसन की बहन हैं। उन्होंने इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए पर्चा भरा है।

असम-अरुणाचल सीमा पर फिर भड़का विवाद

नई दिल्ली (ईएमएस)। दोनों राज्यों के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद पर ठस्थायी समाधानठ की खातिर चर्चा करने के लिए असम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने कुछ दिन पहले मुलाकात की थी। इस मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद, बुधवार रात अंतर-राज्य सीमा पर ताजा तनाव पैदा होने की खबर है। ताजा विवाद अरुणाचल प्रदेश के निचले सियांग जिले में चल रही लिकाबली-दुरपई पीएमजीएसवाई सड़क परियोजना को लेकर है। असम का दावा है कि 2019 से निर्माणाधीन इस सड़क के कुछ हिस्से इसके धेमाजी जिले के अंतर्गत आते हैं। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार शाम, लोअर सियांग में हिमे गांव के पास निर्माणाधीन एक पुलिया को ''असम की ओर से अज्ञात बदमाशों'' ने जला दिया। उसके बाद, बुधवार रात अरुणाचल प्रदेश की ओर से स्थानीय लोगों द्वारा

जन हितैषी

पाकिस्तान की एंट्री

देश के बंटवारे के लिए जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना को लेकर अखिलेश यादव के बयान के बाद यूपी की सियासत में गन्ना बनाम जिन्ना के बाद अब पाकिस्तान की भी एंट्री हो गई है। जिन्ना की तरह ही नया विवाद भी सपा अध्यक्ष की ओर से दिए गए बयान के बाद शुरू हुआ है। एक इंटरव्यू में पाकिस्तान भारत का असली दुश्मन नहीं बोलकर अखिलेश यादव ने मौके की ताक में बैठी भाजपा को नया हथियार दे दिया है। भाजपा ने मुद्दे को लपकते हुए सपा पर जोरदार पलटवार किया और उनसे माफी की मांग की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा अखिलेश के इस बयान के सहारे वह मोड़ दे सकती है, जिसमें उसे महारत हासिल है। अखिलेश के इस बयान को हिटविकेट वाला शॉट भी बताया जा रहा है। दरअसल एक इंटरव्यू में अखिलेश यादव से भारत में चीनी निवेश पर विचार मांगा गया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा, डॉ. राममनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव का इस पर विचार स्पष्ट है। हमारा असली दुश्मन चीन है। पाकिस्तान हमारा राजनीतिक दुश्मन है। लेकिन भाजपा केवल वोट राजनीति की वजह से पाकिस्तान को निशाना बनाती है। लोकसभा में केवल सपा ने यह सवाल उठाया कि विधानसभा में पीओके की 24 सीटों पर सदस्य कब होंगे तब गृहमंत्री ने कहा था कि हम अक्साई चिन तक पहुंचेंगे। अब हम सुन रहे हैं कि गलवान में क्या हो रहा है। वह हमारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, हमारे कारोबार पर अतिक्रमण कर रहे हैं। भारत सरकार को इस पर सोचना चाहिए और विपक्षी दलों से बात करनी चाहिए। निवेश के मोर्चे पर हम चीन के साथ कारोबार को मजबूर हैं। यह एक मुश्किल स्थिति है जहां हमें अपने सबसे बड़े दुश्मन के साथ व्यापार करना पड़ रहा है। हमें अपनी इंडस्ट्री को मजबूत करना होगा। बिजनेस के साथ फौज भी चलती है। अखिलेश के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अखिलेश यादव पर जोरदार पलटवार किया। संबित पात्रा ने कहा, एक तरफ जहां पूरा देश उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मना रहा है। वहीं अखिलेश यादव ने एक साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान भारत का असली दुश्मन नहीं है। अखिलेश यादव का कहना कि वह पाकिस्तान को भारत का असली दुश्मन नहीं मानते और भाजपा केवल वोट की राजनीति की वजह से पाकिस्तान को दुश्मन मानती है। दुखद, चिंताजनक और शर्मनाक। तुरंत अखिलेश यादव को इस पर माफी मांगनी चाहिए। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा को वह मुद्दा मिल चुका है, जिसकी बदौलत वह किसी चुनाव का रुख अपनी ओर मोड़ने में महारत रखती है। अब तक पीएम मोदी या केंद्र सरकार के खिलाफ बोलने से बचते रहे अखिलेश यादव ने पाकिस्तान का नाम लेकर भाजपा को वह मौका दे दिया है कि वह अब स्थानीय मुद्दों से ध्यान हटाकर आसानी से राष्ट्रीय मुद्दों की ओर ले जाए, जो उसके लिए अधिक मुफीद होगा। जिन्ना का मुद्दा भी अखिलेश यादव के खिलाफ जा रहा था। एक बार फिर उन्होंने ऐसा मुद्दा दिया है जिससे ध्रुवीककरण तेज होगा और उनके इसका खामियाजा उठाना पड़ सकता है। यदि अखिलेश यादव ने मुस्लिम तुष्टिकरण को ध्यान में रखर यह बात कही है तो उन्होंने बड़ी गलती कर दी है। वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, एक पार्टी के अध्यक्ष हैं, जिस तरह उन्होंने अपने चाचा शिवपाल यादव को साइडलाइन किया, इस सबके बाद यह नहीं कहा जा सकता कि यह चूक का जुबान फिसलने का मामला है। यह जानबूझकर कही गई बात लगती है, लेकिन यह उनके लिए आत्मघाती होगा। भाजपा के लिए आसानी हो गई है। अखिलेश यादव कहते हैं कि भारत असली दुश्मन नहीं तो यह उनका बचकना है और बड़ी गलती है। बीजेपी लोकल मुद्दों से ध्यान हटाकर राष्ट्रीय सुरक्षा की ओर मोड़ने में कामयाब हो सकती है। दरअसल अखिलेश यादव के अवचेतन मन में हमेशा उनका एमवाई वोटबैंक होता है, और इसी का रिफ्लेक्शन है कि अक्सर वह ऐसी गलतियां करते हैं कि उन्हें बीजेपी के पिच पर खेलने को मजबूर होना पड़ता है। निश्चित तौर पर भाजपा उनकी इस गलती को अपने पक्ष में भुनाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अखिलेश को भाजपा का सामना करने में दिक्कत होगी।

अमर जवान ज्योति अब अपने सही स्थान पर

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बलिदानियों की स्मृति में अमर जवान ज्योति जो , अंग्रेजो द्वारा बनाई गई गुलामी की निशानी इंडिया गेट पर कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई थी , वह अब इंडिया गेट से 400 मीटर दूर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक या नेशनल वॉर मेमोरियल पर प्रज्ज्वलित ज्योति के साथ प्रज्ज्वलित होगी। तथा इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति के स्थान पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा लगेगी।

विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया था, जहां भारत की रक्षा में प्राण देने वाले 25,942 वीर सैनिकों के नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए हैं. इस युद्ध स्मारक में 1947-48 के युद्ध से लेकर गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष तक बलिदान हुए सैनिकों के नाम अंकित हैं. इनमें आतंकवादी विरोधी अभियान में जान गंवाने वाले सैनिकों के नाम भी हैं. सशस्त्र सेनाओं के सैनिकों के बलिदान पर इससे पहले कोई राष्ट्रीय स्मारक नहीं था.

अब से पहले अमर जवान ज्योति इंडिया गेट पर प्रज्ज्वलित थी ,उस इंडिया गेट पर जिस को अंग्रेज एडविन लुटियन ने डिजाइन किया था. इसकी आधारशिला 10 फरवरी 1921 को रखी गई थी. ये 10 साल में बनकर तैयार हुआ था. 12 फरवरी 1931 को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इर्विन ने इंडिया गेट का उद्घाटन किया था.

इंडिया गेट को अंग्रेजों ने 1914 से 1918 तक प्रथम विश्व युद्ध में और 1919 में तीसरे एंग्लो-अफगान युद्ध में ,जिसमे 80 हजार से ज्यादा अंग्रेजी सेना के भारतीय सैनिक मारे गए थे उन्हें ही श्रद्धांजलि देने के लिए बनाया गया था.

दिसंबर 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था. ये युद्ध 3 से 16 दिसंबर तक चला था. इस युद्ध में पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े थे. हालांकि, इसमें कई भारतीय जवान भी वीर गति को प्राप्त हुए थे.

1971 के युद्ध में भारतीय सेना के 3,843 जवान वीर गति को प्राप्त हुए थे. इन्हीं बलिदानियों की याद में अमर जवान ज्योति जलाने का फैसला हुआ. तब अंग्रेजो के बनाई इस गुलामी की निशानी यानी इंडिया गेट के नीचे एक काले रंग का स्मारक बनाया गया, जिस पर अमर जवान लिखा था. इस पर थ्ी1 सेल्फ लोडिंग राइफल भी रखी हुई थी. इसी राइफल पर एक सैनिक हेलमेट भी लगा था। यही पर आर जवान ज्योति जला दी गयी थी , जिसका उद्घाटन 26 जनवरी 1972 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था. लेकिन 1971 के युद्ध मे बलिदान हुए एक भी सैनिक का न तो यहां नाम था न ही विवरण ।

इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति गांधी खानदान के निकम्मेपन और सेना के जवानों के बलिदान के प्रति लापरवाही एवम अपमान का प्रतीक था. यह जनचर्चा थी कि खुद के लिए बड़ी बड़ी समाधियां और भारत के लिए प्राण देने वाले सेना के बलिदानियों के लिए अंग्रेजो के बनाए इंडिया गेट के नीचे मात्र एक छोटी सी ज्योति रख कर काम चलाना.वैसे यह देशभक्तो को भी खटकता था।

अब अंग्रेजो की इस निशानी पर अंग्रेजो के विरुद्ध लड़ने वाले आजाद हिंद फौज के सेनानायक सुभाष चन्द्र बोस गर्व से खड़े होकर मुस्करायेंगे ।

आने वाली पीढ़ियां अंग्रेजी सेना की ओर से लड़ने वालों के साथ साथ आजाद हिंद सेना की ओर से अंग्रेजो से लड़ने वालें रणबांकुरों को भी गर्व से याद करेगीं ओर सम्मान देंगी ...गांधी परिवार देशभक्तो को सही स्थान मिलने से शायद खुश नही है ,यह तथ्य राहुल गांधी और कांग्रेस के बयान से स्पष्ट हो रहा है ,पर स्वाधीनता के अमृत महोत्सव पर अमर जवान ज्योति को हुतात्माओं के नाम और विवरण के साथ युद्ध स्मारक पर प्रज्ज्वलित करना तथा सुभाष चन्द्र बोस को अंग्रेजी गुलामी की निशानी की छाती पर खड़ा करना एक श्रेष्ठ कार्य है । भारत के सैनिक परिवार और आम जनता मोदी सरकार के इस कार्य की प्रशंसा कर रही है ।

(लेखक- डॉ विश्वास चौहान / ईएमएस)

लगातार बढ़ रहा है कांग्रेस का कुनबा!

चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो चुके है।राजनीतिक पार्टियां भी आए दिन अपने प्रत्याशियों के नामो की सूची जारी कर रही है।इसी बीच दलबदल का काम भी जारी है।भाजपा के हरक सिंह रावत अपनी पुत्रवधू अनुकृति गौसाई को लेकर कांग्रेस में आ गए है।उन्हें कांग्रेस में एंट्री के लिए माफी मांगने से लेकर 5 दिनों तक का लंबा इंतजार भी करना पड़ा।वही विधायक ओम गोपाल भी कांग्रेस से आन मिले है।शायद इसी लिए कांग्रेस प्रत्याशी चयन में देरी हुई।कांग्रेस का 'तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा', थीम सॉन्ग भी जलवा बिखेर रहा है और भाजपा को घेरने में लगा है।कांग्रेस इस थीम सॉन्ग के माध्यम से उत्तराखंड में भाजपा की नाकामियों को हवा देने की कोशिश कर रही है।कांग्रेस ने दावा किया है कि आगामी चुनावों में भाजपा को पराजित किया जाएगा।कांग्रेस ने इस थीम सॉन्ग जारी किये जाने के अवसर पर अपनी एकजुटता प्रदर्शित भी की है।जिसमे 'डबल इंजन' नीति की 'नाकामियों' को उजागर किया गया है। उत्तराखंड और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा यह दावा करती रही है कि उसका 'डबल इंजन' मॉडल राज्य के विकास के लिए फायदेमंद रहा है। 'तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा' सूत्र वाक्य के साथ कांग्रेस का थीम सॉन्ग राज्य में भाजपा द्वारा तीन बार अपना मुख्यमंत्री बदलने की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट कराता है।'

कांग्रेस के 'थीम सॉन्ग' में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा गया है और 'डबल इंजन' नीति की 'नाकामियों' को उजागर किया गया है।उत्तराखंड और केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी यह दावा करती रही है कि उसका 'डबल इंजन' मॉडल राज्य के विकास के लिए फायदेमंद रहा है। 'तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा' सूत्र वाक्य के साथ कांग्रेस का थीम सॉन्ग राज्य में बीजेपी द्वारा तीन बार अपना मुख्यमंत्री बदलने की ओर ध्यान आकृष्ट कराता है।

कांग्रेस ने गीत में यह भी दावा किया है कि आगामी चुनावों में बीजेपी को पराजित किया जाएगा। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने थीम सॉन्ग जारी किये जाने के अवसर पर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने प्रदेश इकाई में गुटबंदी और कलह को लेकर सार्वजनिक रूप से अपनी ही पार्टी की आलोचना की थी।पूर्व मुख्यमंत्री

हरीश रावत ने गीत जारी किये जाने के बाद कहा, ''लोग उत्तराखंड में बदलाव चाहते हैं और वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं।'' यह पूछे जाने पर कि राज्य में कांग्रेस का चेहरा कौन होगा, उन्होंने कहा, ''लोग चेहरा होंगे और लोग स्पष्ट रूप से बदलाव करने की बात कह रहे हैं।'' हरीश रावत ने कहा कि थीम सॉन्ग 2022 के चुनावों के महत्व को बयान करता है और राज्य में बदलाव का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, ''आज, हम ना सिर्फ सत्ता बदलने की, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करने भी मांग कर रहे हैं, ताकि विकास की अवधारणा के लिए लड़ाई लड़ी जाए। जिसे विकृत कर दिया गया है। उत्तराखंड में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि हटाये गये मुख्यमंत्रियों में एक वित्त मंत्री के तौर पर राज्य का बजट का संचालन कर रहे थे और उन्हें बदल दिया गया। उन्होंने कहा, ''यह संसदीय परंपरा का अपमान है और लोगों को नहीं बताया गया कि उन्हें क्यों बदला गया। केदारनाथ आपदा से निपटने में नाकामी को लेकर सन 2013 में मुख्यमंत्री बदले गये थे।'' रावत ने कहा, ''राज्य में डबल इंजन शासन नाकाम हो गया।दूसरा मुख्यमंत्री क्यों नियुक्त किया गया,यह आज तक एक रहस्य बना हुआ है। केवल दो लोग, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री जानते हैं कि यह क्या रहस्य है?जिससे उत्तराखंड स्वयं को अपमानित महसूस कर रहा है।'' उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड में देश में कोविड से सर्वाधिक मृत्यु दर रही है और भाजपा सरकार ने कोविड संकट का कुप्रबंधन किया।जिसके चलते कोविड जांच घोटाला तक हुआ है।दरअसल तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा,ये नारा एक आईना है जिस आईने में हम पिछले 5 वर्ष रही सरकार के जन विरोधी चेहरे को देखते हैं। हमारी सरकार ने मलिन बस्तियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर मलिन बस्तियों से ही उठकर आगे आये विधायक राजकुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई, जिसमें तिलकराज बेहड़ के स्तर के लोगों को भी जोड़ा गया था। इस कमेटी ने राज्य में सभी हिस्सों का दौरा कर एक व्यापक रिपोर्ट सारे मलिन बस्तियों की गणना कर बनाई। जिसको आधार बनाकर हमने 3 कदम तत्काल उठाये। पहला 35 हजार घर बनाने का एक प्रोजेक्ट जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना को समाहित करते हुए बनाई। इस योजना की खासियत यह थी कि आवास पाने वाले को बहुत कम पैसा लंबी किस्त के रूप में अदा करना पड़ता था। इस परियोजना का शिलान्यास मैंने रुद्रपुर में किया और इसी योजना के तहत एम.डी.डी.ए. को भी हमने कुछ भूमि देकर आवासीय भवन बनाने का दायित्व सौंपा जो उन्होंने निष्ठा से पूरा किया और यह आवासीय भवन निम्न मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाए। दूसरा काम हमने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का प्रारंभ किया और काम रिस्पना नदी में ब्रह्मपुरी के आस-पास से प्रारंभिक प्रतिरोध के बाद हम लोगों को समझाने में सफल हुए और लोगों ने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का काम को आगे बढ़ने दिया जो लगभग रिंग रोड तक पहूँच गया, कुछ किलोमीटर तक ही कांग्रेस शासक इस काम को आगे बढ़ा पाये, तब तक सरकार में परिवर्तन हो गया और यह काम अवरुद्ध हो गया। कांग्रेस ने मलिन बस्तियों का सांख्यिकीयकरण कर उनको नियमितीकृत किये जाने किए जाने का कानून विधानसभा में पारित करवाया। ताकि उन पर अवैध कब्जेदारी का टैग हट जाए और वो कानून सम्वत तरीके से जहाँ पर वो रह रहे हैं और सरकार की सहमति से उस स्थान पर या उससे कुछ हटकर दूसरे स्थान पर अपना मकान बनाकर उसके मालिक बन सकें। इस तरीके से एक तो राज्य के अंदर आवास हीनता की प्रॉब्लम को हल हुई और रिवरफ्रंट के जरिये भविष्य के लिए नदियों की खोह में अवैध कब्जे को रोक देंने की सोच बनी और साथ ही जमीन का मालिकाना हक्र देकर और कुछ जमीनों को निकालकर उसको डेवलप कर वैकल्पिक मार्ग भी शहरों के अंदर बनाने की बात रही और उसके अलावा छोटे-छोटे मार्केट, काम्प्लेक्स, पार्क आदि भी डेवलप करने की कार्ययोजना बनाई गई। सपना पूरा हो पाता उससे पहले ही कांग्रेस सरकार चली गई, ये तीनों सोच पूरी तरीके से धराशायी हो गयी। भाजपा सरकार मलिन बस्तियों को कोर्ट का नाम लेकर उजाड़ने में तुली थी। खैर प्रतिरोध और कांग्रेस द्वारा पारित कानून को देखकर सरकार ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। क्योंकि जो कानून विधानसभा में पारित था, या तो उसको निरस्त करना पड़ता और जब तक वो निरस्त नहीं होता, तब तक वो कानून प्रभावी माना जाता। कानून के रहते राज्य सरकार मलिन बस्तियों का ध्वस्तीकरण नहीं कर सकती थी। इसीलिये कांग्रेस कहती हैं,

ठतीन तिगाड़ा-काम बिगाड़ा,
अब उत्तराखंड में नहीं आएगी, भाजपा दोबाराठ।

कांग्रेस अपनी पहली लिस्ट में 45 से 50 सीटों के उम्मीदवार घोषित कर सकती है। पार्टी में इन सीटों पर पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के बीच कोई विरोध नहीं है। इन सीटों पर प्रस्तावित नामों पर तीनों ही नेता सहमत है। बाकी 20 से 25 सीट पर कुछ मतभेद है तो कुछ जगह नए लोगों के कांग्रेस में शामिल होने की वजह से टिकट पर दोबारा से पुनर्विचार होना है।कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अविनाश पांडे का कहना है कि उत्तराखंड में कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। साथ ही, एक हफ्ते के अंदर उत्तराखंड कांग्रेस की पहली लिस्ट आ सकती है। उत्तराखंड में 70 सीटों पर चुनाव होने हैं, जहां पार्टी की चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।कैंडिडेट सलेक्शन के लिए उन्होंने पांच दिन का उत्तराखंड दौरा किया था और 70 विधानसभा सीटों पर जितने भी उम्मीदवार थे, उन सबसे मुलाकात की थी।उन्होंने माना कि अगर कांग्रेस को सरकार बनानी है, तो चुनाव जीत सकने वाले कैंडिडेट को टिकट देनी पड़ेगी।उत्तराखंड की 70 विधानसभा सीटों पर 14 फरवरी को मतदान कराया जाएगा।10 मार्च को मतों की गिनती की जाएगी। अधिसूचना जारी करने की तिथि 21 जनवरी है।जबकि नामांकन की आखिरी तिथि 28 जनवरी है, नामांकन पत्रों की जांच की आखिरी तिथि 29 जनवरी और नाम वापस लेने की आखिरी तिथि 31 जनवरी है।

70 सीटों वाली उत्तराखंड विधानसभा का कार्यकाल 23 मार्च सन 2022 को खत्म हो रहा है। भाजपा के लिए उत्तराखंड चुनाव सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण बना हुआ है, क्योंकि यहां दो दशक से हर पांच साल पर सत्ता बदलने की परंपरा चली आ रही है। ऐसे में कांग्रेस को पूरी उम्मीद है कि वह इस बार सत्ता में वापस आएगी।सन 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में, उत्तराखंड में भाजपा ने 57 सीटें जीतीं थीं और कांग्रेस को 11 सीटें ही मिल पाई थीं।भाजपा के खिलाफ वोट की चोट करके महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और महिलाओं पर अत्याचार को पराजित करने की मुहिम कांग्रेस ने शुरू की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उम्मीद जताई कि उत्तराखंड में कांग्रेस की जीत इस बार सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ''उत्तराखंड में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूती से लड़ेगा और भाजपा को पटखनी देगा ।जिससे उत्तराखंड में कांग्रेस का झंडा लहराएगा और अपनी सरकार बनाएगा ।'

गोविंद वल्लभ पंत, हेमवंती नंदन बहुगुणा, नारायण दत्त तिवारी जैसे दिग्गज नेताओं की समृद्ध विरासत वाली कांग्रेस के लिए उत्तराखंड के लिए सियासी उपजाऊ जमीन रही है। हालांकि कांग्रेस देश के दूसरे हिस्सों की तरह ही आपात काल के बाद कुछ वर्षों के लिए हाशिए पर चली गई थी, लेकिन फिर उसने नवगठित राज्य में जड़ जमा ली थी। आलम यह था कि गठन के बाद भाजपा की अंतरिम सरकार के बाद तत्काल हुए चुनाव में पार्टी ने विधानसभा चुनावों में बाजी मार ली थी। सन 2002 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरीश रावत के नेतृत्व में कांग्रेस के 36 विधायक जीतकर आए थे। इसके बाद हरीश रावत को मुख्यमंत्री के रूप में देखने के लिए विधायकों ने हस्ताक्षर अभियान तक चलाया था। लेकिन बाद में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर एनडी तिवारी विराजमान हो गए थे।एनडी तिवारी ने पूरे पांच साल सरकार चलाई। कांग्रेस ने हरीश रावत को राज्यसभा भेज दिया था। वर्ष 2022 के चुनाव में कांग्रेस एक फिर केंद्र और राज्य के सत्तारोधी रुझान के दम पर चुनावी नैया पार लगाने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, गैरसैंण, देवस्थानम बोर्ड और भू-कानून कांग्रेस के मुख्य चुनावी हथियार हैं। वर्ष 2017 के विस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था। पार्टी मात्र 11 सीटों पर सिमटकर रह गई थी।जबकि

नौ नवंबर सन 2000 को राज्य गठन के दौरान उत्तराखंड में अंतरिम विधानसभा में 30 सदस्य थे। इनमें यूपी के समय चुने हुए 22 विधायक और आठ विधान परिषद सदस्य थे। 22 विधायकों में 17 भाजपा के, एक तिवारी कांग्रेस का, एक बसपा और तीन समाजवादी पार्टी के थे।उस समय कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं था।फिर भी मात्र दो वर्ष बाद ही 36 विधायक कांग्रेस के हो जाना किसी चमत्कार से कम नही था।इस बार क्या चमत्कार होगा यह देखना अभी बाकी है,फिलहाल कांग्रेस सन 2022 के इस चुनाव को हर हाल में जीतना चाहती है। (लेखक-डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट / ईएमएस)

आज का इतिहास 28 जनवरी

1556 मुगल शासक हुमायूं की मौत हुई.
1865 लाला लाजपतराय का जन्म.
1909 सेना के प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष के.एम.कारियप्पा का जन्म.
1909 क्यूबा पर से अमरीका का नियंत्रण समाप्त हुआ था.
1932 जापानी फौजों ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया.
1939 आयरिश कवि विलियम बटलर योटस का निधन.
1943 एडोल्फ हिटलर ने जर्मनी के सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया.
1945 अमरीकी ट्रकों का काफिला बर्मा रोड से पहली बार गुजरा.
1950 न्यायाधीश हीरालाल कानिया ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद संभाला.
1962 अमरीकी अंतरिक्ष यान चांद पर पहुंचने से असफल रहा.
1964 दक्षिणी रोडेशिया में दंगे भड़के.
1986 कैप कैनवरल फ्लोरिडा से उड़ान भरने के बाद अमरीकी अंतरिक्ष शटल चैलेंजर में विस्फोट हुआ और सभी सात अंतरिक्ष यात्री मारे गए.
1992 अल्जीरिया में तीन दशक तक सत्ता में रहने के बाद नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने इस्तीफा दिया.
1998 राजीव गांधी हत्याकांड में 26 अभियुक्तों को मृत्यु दंड
1999 देश में पहली बार संरक्षित भ्रूण से मेमने का जन्म.
2002 झारखंड के गुमला जिले में बारुदी सुरंग विस्फोट से 9 पुलिसकर्मी सहित 11 मारे गए.
2003 पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक बस और तेल टैंकर में हुई भिड़ंत में 42 मरे व कई घायल.
2005 पुर्तगाल के सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई बम विस्फोट के अभियुक्त अबु सलेम के प्रत्यर्पण की इजाजत दी.

ऑस्ट्रेलिया के पाक दौरे पर संशय छाया

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पाकिस्तान दौरे पर संकट छा गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को 24 साल के बाद मार्च-अप्रैल में होने वाले इस पाक में 3 टेस्ट, 3 वनडे और एक टी20 मैच खेलने है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 1998 के बाद पहली बार पाक दौरे पर जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शर्त रखी है कि सीरीज के तीनों टेस्ट एक ही स्थल पर रखे जायें पर पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इससे सहमत नहीं है। पीसीबी का कहना है कि यह मांग मानना संभव नहीं हैं। ऐसे में दौरे को आशंकाएं तेज हो गयी हैं। इसमें टेस्ट के मुकाबले 3 से 25 मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में होने हैं जबकि सीमित ओवरों के मैच 29 मार्च से 5 अप्रैल तक लाहौर में खेले जाएंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट सीए चाहता है कि टेस्ट सीरीज के सभी मैच एक ही जगह आयोजित किए जाएं। उसका कहना है कि सुरक्षा और स्वास्थ्य कारणों से यह जरुरी है। वहीं पिछले साल इंग्लैंड और न्यूजीलैंड दोनों ने सुरक्षा कारणों से पाक के दौरे को रद्द कर दिया था। कोरोना संक्रमण को देखते हुए सीरीज के सभी मुकाबले बायो बबल में खेले जाने हैं। पीसीबी ने तीनों टेस्ट एक ही स्थल पर कराने को लेकर किसी तरह की बात से इंकार कर दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस तरह की कोई बातचीत सीए से नहीं चल रही है। एक ही स्थल पर अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए 19 दिन तक व्यवस्था नहीं की जा सकती। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा की पुख्ता तैयारी तीनों स्थलों पर की गई हैं। इसलिए सीए को इसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये। साथ ही कहा कि पिछले साल दिसंबर में सीए के सीईओ निक हॉकले ने कहा था कि द्विपक्षीय सीरीज के मुकाबले कोविड-19 के बाद भी कार्यक्रम के अनुसार होंगे। गौरतलब है कि साल 2009 में श्रीलंकाई टीम पर हुए हमले के बाद से ही टीमें पाक दौर से बचती रही हैं। पीसीबी इस कारण से कठिन हालातों का सामना करता आया है। इस बार उसने किसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया को दौरे के लिए तैयार किया था पर अब यह स्थल का मामला उठ गया।

दैनिक पंचांग

28 जनवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	कुंभ	07.40 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	मीन	09.13 बजे से
मंगल	धनु में	मेष	10.43 बजे से
बुध	मकर में	वृष	12.24 बजे से
गुरु	कुंभ में	मिथुन	14.22 बजे से
शुक्र	धनु में	कर्क	16.35 बजे से
शनि	मकर में	सिंह	18.51 बजे से
राहु	वृष में	कन्या	21.03 बजे से
केतु	वृश्चिक में	तुला	23.14 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		वृश्चिक	01.28 ब.से
		धनु	03.44 बजे से
		मकर	05.50 बजे से

शुक्रवार 2022 वर्ष का 28 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2078 **शक संवत्** 1943
मास माघ (दक्षिण भारत में पौष)
पक्ष कृष्ण **तिथि** एकादशी 23.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 07.10 बजे तदनन्तर ज्येष्ठा 05.08 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** ध्रुव 21.40 बजे को समाप्त। **करण** बव 12.59 बजे तदनन्तर बालव 23.36 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 18° 16'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871142
जूलियन दिन 2459607.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2548
हिजरी सन् 1443
महीना जमादि उस्सानी **तारीख** 24
विशेष षटतिला एकादशी, लाला लाजपतराय जयंती।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
चर	05.55	से	07.23 बजे तक	रोग	05.38	से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23	से	08.51 बजे तक	काल	07.11	से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51	से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43	से	10.15 बजे तक
काल	10.19	से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15	से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47	से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47	से	01.19 बजे तक
रोग	01.15	से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19	से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43	से	04.10 बजे तक	चर	02.51	से	04.23 बजे तक
चर	04.10	से	05.38 बजे तक	रोग	04.23	से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 7180



बाएँ से दाएँ

1.उचित,गलत का विलोम-2
4.अधिकार-2
6.परछाई-2
7.सम्मान,प्रसिद्धि-2
9.उल्टी,कै,वमन-3
12.रंग (अंग्रेजी-3)
14.चंचल,फुर्तीला-3
16.भयभीत होना-4
17.फुर्तीलापन-4
18.बसंत काल-3
20.भ्रम,वहम-3
22.आश्रय,शरण-3
24.राजनीतिक पार्टी-2
26.शारीरिक ऊंचाई-2
27.गन्ना-2
28.शाखा,टहनी-2

ऊपर से नीचे

1.नमस्ते,आदाब-3
2.देह,बदन,तन-2
3.शराब,मदिरा-2
5.डोली उठानेवाले-3
6.पत्नी की छोटी बहन -2
8.वहम,संदेह-2
10.जरुरतमंद-5
11.नाग,सर्प-2
13.आनंदित होना -5
14.भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15.ढीला,सुस्त-3
19.नुकसान,घाटा-2
20.सद्कार्य-3
21.नशा,सरुर,खुमार-2
22.ओहदा -2
23.भवन,कोठी-3
25.क्षण,पल-2
26.कलिका,फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

शब्द पहेली -7179 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

आईसीसी अंडर 19 विश्व कप : बेथेल के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंग्लैंड की टीम आईसीसी अंडर 19 विश्व क्रिकेट के सेमीफाइन में पहुंच गयी है। जैकब बेथेल के ऑलराउंड प्रदर्शन से उसने दक्षिण अफ्रीका पर छह विकेट से जीत दर्ज की है। बेथेल ने पहले गेंदबाजी के दौरान दक्षिण अफ्रीकी टीम को 209 रनों पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। उसके बाद बल्लेबाजी के दौरान 88 रन बनाकर इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया। यहां अब उसका सामना श्रीलंका या अफगानिस्तान से होगा। पाकिस्तान की टीम 28 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया

रोहित की कप्तानी में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज में उतरेगी भारतीय टीम

बिश्नोई, हर्षल और हुड्डा भी शामिल

बुमराह और शमी को आराम

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित की है। कप्तान रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है जबकि युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई, तेज गेंदबाज हर्षल पटेल और ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को भी टीम में शामिल किया गया है। स्पिनर कुलदीप यादव की भी लंबे समय बाद एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में वापसी हुई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 6 से अहमदाबाद जबकि टी20 सीरीज 16 फरवरी से कोलकाता में खेली जाएगी। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीकी दौरे से बाहर रहे रोहित शर्मा टीम की कप्तानी करेंगे। पूर्व कप्तान विराट कोहली भी टीम में शामिल हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा को फिट नहीं होने के कारण आराम दिया गया है।

बीसीसीआई ने यहां जारी एक बयान में कहा, ' बुमराह और शमी को आराम दिया गया है जबकि लोकेश राहुल दूसरे एकदिवसीय से टीम से जुड़ेंगे। जडेजा घुटने की चोट से अभी नहीं उबरे हैं, इसलिए उनके नाम पर विचार नहीं हुआ।' वहीं ऑलराउंडर वेंकेटश अय्यर को दक्षिण अफ्रीका में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने के कारण एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह ऑलराउंडर दीपक हुड्डा को टीम में रखा गया है। वेंकटेश को हालांकि टी20 टीम में रखा गया है। युवा वाशिंगटन सुंदर ने भी चोट से उबरने के बाद एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए वापसी की है जबकि अक्षर पटेल टी20 श्रृंखला में ही खेलेंगे।

बिश्नोई को सीमित ओवरों की दोनों टीम में जगह मिली है। भुवनेश्वर कुमार को टी20 टीम में बरकरार रखा गया है पर उन्हें एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच छह, नौ और 11 फरवरी को जबकि टी20 मैच 16, 18 और 20 फरवरी को खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए केवल दो शहरों में ही यह सीरीज खेली जाएगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

एकदिवसीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शिखर धवन, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान

टी20 टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, मो. सिराज, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और हर्षल पटेल।

मुंबई में 7 करोड़ के नकली नोट के साथ 7 गिरफ्तार

मुंबई, (ईएमएस)। नकली नोटों का चलन अबतक बंद नहीं हुआ है. अभी भी भारी मात्रा में नकली नोट आ रहे हैं. ऐसे ही एक मामले का पर्दाफाश किया है मुंबई क्राइम ब्रांच। दरअसल क्राइम ब्रांच की यूनिट 11 को मिली ख़ुफ़िया जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने जाल बिछाकर 7 करोड़ रुपए की नक़ली नोट के साथ 7 लोगों को गिरफ़्तार किया है. क्राइम ब्रांच की यूनिट 11 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षण विनायक चव्हाण ने कहा कि हमें पता चला था की कुछ लोग एक गाड़ी में दहिसर चेकनाका के पास आने वाले हैं जिनके पास करोड़ों रुपए के नक़ली नोट होंगे. जिसके बाद क्राइम ब्रांच की एक टीम दहिसर चेक नाके पर गई और ट्रैप लगाया और जानकारी के मुताबिक़ संदेहास्पद कार को रोक और जब जांच की तो इस गाड़ी से 5 करोड़ रुपए बरामद हुए. पकड़े गए ये सारे नोट 2000 रुपए के थे और कुल 25 हज़ार नोट बरामदे हुए थे, जिनका 100-100 की संख्या में बंडल बनाया गया था. उनकी टीम ने उस कार से 4 लोगों को हिरासत में लिया जिनसे पूछताछ की गई तो उन आरोपियों ने उनके दूसरे साथियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया की ये लोग अंधेरी इलाक़े में स्थित होटेल अम्फा में रुके हैं और उनके पास और भी नक़ली नोट होने की बात कही, इसके बाद क्राइम ब्रांच ने तुरंत एक टीम बनाई और वो टीम उस होटेल में गई और छापेमारी की. क्राइम ब्रांच को वहां से 2000 रूपये की कुल 10000 नोट बरामद हुआ जो की कुल 2 करोड़ रुपए थे. इस तरह से इस मामले में क्राइम ब्रांच को 7 करोड़ रुपए के नक़ली नोट मिले और इस मामले में कुल 7 लोगों को गिरफ़्तार किया गया. इन आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां पर उन्हें 31 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड, 28170 रुपये कैश और एक लैपटॉप भी बरामद किया है.

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का मोदी पर आरोप, बोले- भारत में बढ़ रही असहिष्णुता

-आयोजक पर आईएसआई से लिंक और दंगों का आरोप

वॉशिंगटन (ईएमएस)। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अमेरिका से पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में नागरिक राष्ट्रवाद को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से बदलने की कोशिशें हो रही हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कहा कि धार्मिक बहुमत को राजनीकि एकाधिकार के रूप में पेश करके मजहब के आधार पर असहिष्णुता को हवा दी जा रही है। हामिद अंसारी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर वॉशिंगटन में आयोजित वर्चुअल इवेंट में यह बातें कहीं। उनके साथ इस कार्यक्रम में एक अमेरिकी सीनेटर और निचले सदन यानी यूएस कांग्रेस के भी तीन सांसद मौजूद थे। यही नहीं अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के चेयरमैन ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। मालूम हो कि देश में दंगे भड़काने और आईएसआई से लिंक का जिस संगठन पर है आरोप, उसके मंच से हामिद अंसारी यह बाक कही है।

भारत के 'बहुलतावादी संविधान का संरक्षण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में हामिद अंसारी एवं अन्य लोगों ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हेट स्पीच, यूएपीए एक्ट के कथित बेजा इस्तेमाल और कश्मीरी एक्टिविस्ट खुर्रम परवेज की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा की। हालांकि ऐसे तमाम दावों को भारत सरकार यह खारिज करती रही है। सरकार की ओर से अपने लोकतांत्रिक रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा गया है कि उसकी संसदीय प्रणाली और कानून पूरी तरह से पारदर्शी हैं। देश में नियमित और पारदर्शी चुनावों को भी भारत सरकार दुनिया के आगे लोकतंत्र की सफलता के तौर पर पेश करती रही है।

वॉशिंगटन में इस इवेंट का आयोजन 17 अमेरिकी संगठनों के समूह की ओर से किया गया था। इनमें से एक संगठन इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल भी है। इसे त्रिपुरा सरकार सुप्रीम कोर्ट में दिए अपने एफिडेविट में राज्य में हुए सांप्रदायिक दंगों के लिए जिम्मेदार ठहरा चुकी है। यही नहीं इस संगठन पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का आरोप है। इसके अलावा कुछ और अतिवादी संगठनों से इसका ताल्लुक है। हालांकि आईएएमसी की ओर से इन आरोपों को खारिज किया गया है। उसका कहना है कि वह एक अमेरिकी नागरिक अधिकार संगठन है।

कार्यक्रम में शामिल सभी 4 अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े हुए हैं। एड मार्की, एंडी लेविन, जेमी रस्किन और जिम मैकगवर्न की ओर से पहले भी भारतीय लोकतंत्र के बारे में टिप्पणियां की जाती रही हैं। वहीं हामिद अंसारी की बात करें तो उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद से ही वह लगातार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की आलोचना करते रहे हैं। अमेरिकी संस्था अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की बात करें तो उसकी ओर से कई बार भारत में स्थितियों को चिंताजनक बताया जा चुका है।

इस कार्यक्रम में मौजूद अमेरिकी सांसद एड मार्की ने कहा कि मोदी सरकार भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करने का काम कर रही है। इसके अलावा धर्मांतरण कानून और नागरिकता संबंधी कानून भारत के समावेशी, सेक्युलर संविधान के तहत मिले अधिकारों पर रोक लगाने का काम करते हैं। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के भी खिलाफ है। यही नहीं मार्की ने भारत सरकार पर खुलकर आरोप लगाया कि वह अल्पसंख्यकों की आस्था पर चोट कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने बीते कुछ सालों में भारत में हेट स्पीच के मामले बढ़ने, मस्जिदों में तोड़फोड़ और सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं में इजाफा देखा है।

अमेरिका ने यूक्रेन का भेजी जेवलिन और स्टिंगर मिसाइलें, हर मिसाइल पर रुसी राष्ट्रपति पुतिन का नाम

वॉशिंगटन (ईएमएस)। यूक्रेन और रूस में जंग के बढ़ते खतरे के बीच अमेरिका ने कीव को सैंकड़ों की संख्या में जेवलिन और स्टिंगर मिसाइलें सौंपी हैं। इन सभी अमेरिकी मिसाइलों पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का नाम छपा हुआ है। अमेरिका ने ये मिसाइलें उस समय पर भेजी हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पर निजी प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है।इतना ही नहीं बाइडन ने चेतावनी दी है कि अगर रूस ने अगर यूक्रेन पर हमला किया,तब रुस को इसके परिणाम भुगतना होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि अमेरिकी सैनिक बाइडन के गृह राज्य डेलावर से मिसाइलें यूक्रेन के लिए रवाना कर रहे हैं। अमेरिका पहले ही 60 करोड़ डॉलर के हथियार यूक्रेन को दे चुका है। रूस को जोरदार जवाब देने के लिए अमेरिका यूक्रेन को एयर डिफेंस सिस्टम भी देने जा रहा है। बाइडन ने ऐलान किया है कि संकट की इस घड़ी में अमेरिका के यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

दरअसल, रूस और यूक्रेन में युद्ध के बढ़ते खतरे को देखकर अमेरिका पूरी तरह से एक्शन में है। अमेरिका ने 300 एंटी टैंक जेवलिन मिसाइलों को यूक्रेन भेजा है। ये मिसाइलें मैन पोर्टेबल हैं,जिन्हें यूक्रेनी सैनिक कंधों पर रखकर फायर कर सकते हैं। जेवलिन मिसाइलों को आर्मर्ड व्हीकल, टैंक और बंकरों को उड़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। युद्ध की स्थिति में ये मिसाइलें रूसी सेना के लिए बड़ी परेशानी पैदा कर सकती हैं। हालांकि, रूस ने अपनी टैंकों पर एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर लगाए हुए हैं, जो दुश्मनों की मिसाइलों को नाकाम बना देते हैं। यूक्रेन स्थित अमेरिकी दूतावास ने ट्वीट कर बताया कि आज रात राष्ट्रपति जो बाइडेन से स्वीकृत 200 मिलियन डॉलर की तीसरी खेप कीव पहुंच गई है। हम यूक्रेन को हर संभव सहायता करना जारी रखने वाले है। तीसरी खेप में 300 जेवलिन मिसाइलों सहित 70 टन की सैन्य सहायता सामग्री शामिल हैं। इन 300 जेवलिन मिसाइलों की कीमत 50 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। इस शिपमेंट में ग्रेनेड लांचार, साथ ही गोला-बारूद और दूसरे हथियार शामिल हैं। कई यूरोपीय देश पहले ही यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियार दे चुके हैं।

जेवलिन अमेरिका में बनी हुई एंटी टैंक मिसाइल है। यह मिसाइल अपने लक्ष्य को साधने के लिए इंफ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल करती है। इस मिसाइल को टैंकों के खिलाफ सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है। जेवलिन मिसाइल का इस्तेमाल बिल्डिंगों और दुश्मन के अड्डों को उड़ाने के लिए भी किया जाता है। जेवलिन के अलावा यूक्रेन को अमेरिकी स्ट्रिंगर मिसाइलें भी दी गई हैं। यह मिसाइल हवा में उड़ते लो फ्लाइंग ड्रोन और हेलीकॉप्टर को मार गिराने में सक्षम है। स्ट्रिंगर मिसाइलों को भी कंधे पर रखकर आसानी से फायर किया जा सकता है।

यूएई से भारत यात्रा का हवाई किराया हुआ बहुत सस्ता

अबुधाबी (ईएमएस) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कामकाज के सिलसिले में रह रहे लाखों भारत के नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल यूएई से भारत यात्रा का हवाई किराया बहुत सस्ता हो गया है। भारत के 13 शहरों के लिए अब करीब 250 दिरहम या 5111 रुपए चुकाना होगा। यूएई की बहुत कम दरों पर विमान सेवा देने वाली कंपनी एयर अरबिया ने एक तरफ के लिए इस सस्ती उड़ान का ऐलान किया है। यही नहीं अल अरबिया ने अल खैमाह और शारजाह एयरपोर्ट के लिए शटल बस सेवा को भी शुरू कर दिया है। अल अरबिया ने जिन शहरों के लिए यह उड़ान सेवा शुरू की है, उनमें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, जयपुर, बेंगलुरु, अहमदाबाद, गोवा, कालिकट, कोच्चि, त्रिवेंद्रम, चेन्नई, कोयंबटूर और नागपुर शामिल हैं। अल अरबिया ने बताया कि उसकी शटल बस सेवा अल खैमाह और शारजाह के लिए दिन में 3 बार चलेगी। इसके लिए यात्रियों को 30 दिरहम चुकाने होंगे। यूएई आने वाले यात्रियों को गत 17 जनवरी से ही महाराष्ट्र में 7 दिनों के होम क्वारंटाइन में नहीं रहना पड़ रहा है।

यही नहीं यूएई आने वाले यात्रियों को अब यूएई आने पर पीसीआर टेस्ट नहीं कराना होगा। इससे पहले 7 जनवरी को भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने घोषणा की थी कि सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भारत आने पर 7 दिनों तक घर पर क्वारंटाइन रहना होगा। दुबई के ट्रेवेल एजेंट के मुताबिक भारत के घर पर क्वारंटाइन करने के ऐलान से यूएई से भारत का हवाई किराया बहुत कम हो गया है। ट्रेवेल उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों को भय है कि उड़ानों को फिर से बंद किया जा सकता है। इसी वजह से लोग यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि अभी भी कुछ एयरलाइन्स का किराया भारत के प्रमुख शहरों के लिए 300 दिरहम दिखाया जा रहा है। हवाई किराया कम होने से उन भारतीयों को बड़ी राहत मिल सकती है जो भारत आना चाहते हैं लेकिन किराया अधिक होने के कारण भारत आ नहीं पा रहे थे।

भारत के खिलाफ अपने आर्थिक गुलाम पाकिस्तान को घातक हथियार दे रहा चीन

इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत की के-9 वज्र तोप और पिनाका रॉकेट लांचर से घबराए पाकिस्तान ने चीन से नई होवित्जर तोप और मल्टी बैरल रॉकेट लांचर खरीदा है। चीन की यह तोप टैंक की चेसिस पर बनी है,इससे यह तेजी से हमला करने में सक्षम है। चीनी कंपनी नोरिन्को ने पाकिस्तान को एआर-1300 एमएम मल्टी बैरल रॉकेट लांचर दिया है, ताकि इमरान की सेना भारत के पिनाका रॉकेट लांचर का जवाब दे सके। पाकिस्तान को हथियारों का पहला बैच मिल भी गया है। चीन और पाकिस्तान के बीच यह पूरा सौदा 51 करोड़ डॉलर का है। चीन जहां भारत की घेराबंदी करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल से लेकर एस-400 तक तैनात कर रहा है, वहीं वह अपने आर्थिक गुलाम पाकिस्तान को भी घातक हथियारों से लैस करने में जुटा हुआ है। चीन की कोशिश है कि भारत अपने पश्चिमी सीमा पर लगातार फंसा रहे और उस चीन के खिलाफ अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने का मौका ही नहीं मिल पाए।

चीन ने पाकिस्तान को परमाणु ताकत बनने में भी 1990 के दशक में मदद की थी। रिपोर्ट के मुताबिक चीन और पाकिस्तान के बीच में साल 2019 में एक समझौता हुआ था। इसके तहत चीन उस 236 एसएच-15 155 एमएम होवित्जर तोप और एआर-1 हैवी रॉकेट लांचर देगा। इसके अलावा चीन पाकिस्तान को ज्यादा लंबी दूरी तक मार करने वाले गोलों की तकनीक भी देगा ताकि उस पाकिस्तान बना सके। इन तोप के गोलों की मारक क्षमता 53 किमी तक होती है। चीन की चाल से साफ है कि वह पाकिस्तान की सेना को मजबूत करना चाहता है, ताकि भारत पश्चिमी सेक्टर में फंसा रहे। ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि चीन ने पाकिस्तान को मध्यम दूरी तक मार करने वाली डीएफ-17 हाइपरसोनिक मोबाइल मिसाइल सौंपी है। इस मिसाइल को भारत का एस-400 भी डिटेक्ट नहीं कर सकता है। इस मिसाइल की रेंज 1950 किमी है, और इसकी रफ्तार ध्वनि की रफ्तार से 5 गुना ज्यादा है।

तनाव के बीच फरवरी में यूक्रेन पर हमले की तैयारी कर रहे हैं पुतिन : अमेरिका

वॉशिंगटन (ईएमएस)। यूक्रेन की सीमा पर रूस की फौज की भारी तैनाती को लेकर रूस और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच एक टॉप अमेरिकी डिप्लोमैट ने कहा है कि अमेरिका का मानना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फरवरी के मध्य तक यूक्रेन पर हमला कर सकते हैं। अमेरिका के उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन ने कहा है कि मुझे नहीं पता पुतिन ने अंतिम फैसला लिया है या नहीं लेकिन हम निश्चित तौर पर हर संकेत देख रहे हैं कि वह फरवरी मध्य से पहले सैन्य बल का इस्तेमाल करने जा रहे हैं। बता दें कि शर्मन ने हाल ही में वियना में अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात की थी और मॉस्को को रूस पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

शर्मन ने कहा है कि पुतिन की योजना से बीजिंग विंटर ओलंपिक्स प्रभावित हो सकते हैं। आपको बता दें 4 फरवरी से ओलंपिक की शुरुआत हो रही है। ऐसे में पुतिन अगर इस वक्त हमला करते हैं तो शायद राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुश नहीं होंगे। उन्होंने बताया है कि हम कूटनीति के जरिए मसले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हम सबसे बुरे हालात के लिए भी खुद को तैयार कर रहे हैं। रूस ने यूक्रेन बॉर्डर पर एक लाख से अधिक सैनिक तैनात कर दिए हैं। रूस ने यूक्रेन में रूस समर्थक यूक्रेनी अलगाववादियों को जमकर सपोर्ट किया है। 2014 से लेकर अब तक 14 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मारे गए लोगों में तीन हजार से अधिक आम नागरिक थे।

अमेरिका ने रूस को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम रूस पर ऐसे प्रतिबंध लगाएंगे जो उसने कभी नहीं देखे होंगे। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों से गारंटी मांगी है कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) आगे पूर्व की ओर विस्तार नहीं करेगा।

भारत में आंतकवाद, बलात्कार और कोरोना के मामले बढ़े, अमेरिका ने अपने नागरिकों को चेताया

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी जो बाइडन प्रशासन ने अपने नागरिकों के लिए भारत यात्रा पर परामर्श जारी किया है। बाडडन प्रशासन ने अपने नागरिकों को चेतावनी देकर जम्मू-कश्मीर में बढ़ रहे आतंकवाद, कोरोना और बलात्कार के बढ़ रहे मामलों को देखकर भारत की यात्रा करने पर पुनर्विचार करें। यह ट्रेवल एडवाइजरी उस वक्त पर आई है जब अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भारत में कोरोना के मामलों को देखकर लेवल 3 स्तर का यात्रा और हेल्थ नोटिस जारी किया था।

अमेरिका ने अपनी यात्रा परामर्श में कहा,अमेरिकी नागरिक जम्मू-कश्मीर राज्य (पूर्वी लद्दाख और उसकी राजधानी लेह को छोड़कर) में आतंकवाद और वहां फैली अशांति को देखकर सफर ना करेंयात्रा परामर्श में कहा गया है, कि भारत-पाकिस्तान के सीमा के 10 किलोमीटर के दायरे में ना जाएं। क्योंकि यहां सशस्त्र संघर्ष होने की आशंका है। बाइडन प्रशासन की ओर से कहा गया है कि भारत में रेप सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक हो गया है। अमेरिका द्वारा जारी इस यात्रा परामर्श में कहा गया है कि, भारतीय अधिकारियों की रिपोर्ट है कि भारत में बलात्कार सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक हो गया है। टूरिस्ट स्थानों और अन्य स्थानों पर भी हिंसात्मक अपराध हुए हैं।

यूएसए ने भारत को लेवल 3 के ट्रेवल एडवाइजरी में रखा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से अपने नागरिकों को सुझाव दिया है कि कोरोना के खतरे को देखकर अपनी यात्रा पर एक बार फिर विचार करें। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा यदि आप एफडीए की ओर से अधिकृत टीके के साथ पूरी तरह टीकाकरण करा चुके हैं,तब आपको कोविड से संक्रमित होने और उससे गंभीर लक्षण पैदा होने के खतरे कम हो सकते हैं। अमेरिकी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय सफर की प्लानिंग करने से पहले, टीकाकरण और बिना टिकाकरण वाले यात्रियों के लिए सीडीसी की सिफारिशों पर गौर करने को कहा गया है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को भी यात्रा परामर्श के मामले में लेवल 3 में ही रखा गया है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मार्च से नीतिगत दरों को सख्त किये जाने के संकेतों से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 581.21 अंक करीब एक फीसदी फिसलकर 57,276.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 167.80 अंक तकरीबन 0.97 फीसदी की गिरावट के साथ ही 17,110.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे ज्यादा चार फीसदी से अधिक नीचे आया है। इसके अलावा टेक महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, विप्रो, टीसीएस, टाइटन और इन्फोसिस के शेयर भी गिरे हैं।

वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक, एसबीआई, मारुति और कोटक बैंक के शेयर नीचे आये हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के संकेतों से बाजार नीचे आया है। इससे निवेशकों में विदेशी पूंजी निकासी की आशंकाएं बढ़ी हैं।

इससे पहले मंगलवार को भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। वहीं बुधवार को बाजार बंद रहा था।

शेयर बाजार में कई टेक कंपनियों के स्टॉक में पिछले कुछ समय से जो गिरावट आई है उसका भी प्रभाव अब अनलिस्टेड बाजार पर दिखने लगा हैं। निवेशक शेयर बाजार के साथ-साथ अनलिस्टेड बाजार से भी दूर जा रहे हैं।

आयकर विभाग ने 1.62 लाख करोड़ का जारी किया पंड

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयकर विभाग ने गुरुवार को कहा कि इस वित्त वर्ष में अब तक उसने 1.79 करोड़ करदाताओं को 1.62 लाख करोड़ रुपढ से अधिक के रिफंड जारी किए हैं। इसमें आकलन वर्ष 2020-21 के 1.41 करोड़ रिफंड शामिल हैं, जो 27,111.40 करोड़ रुपए के हैं। आयकर विभाग ने ट्वीट किया ?कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अप्रैल 2021 से 24 जनवरी 2022 के बीच 1.79 करोड़ से अधिक मतदाताओं को 1,62,448 करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए हैं।

सोने-चांदी में गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरी हैं। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने-चांदी की कीमतें नीचे आयी हैं। 10 ग्राम सोने की कीमत 48,215 रुपये हो गई है, जबकि एक किलो चांदी 62,792 रुपये में आ रही है। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 563 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी के साथ ही 48,215 रुपये प्रति 10 ग्राम रहीं। वहीं पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 48,778 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी के दाम 1,186 रुपये की गिरावट के साथ ही 62,792 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुए जबकि पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 63,978 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

ब्रह्मांड में रहस्यमय ऑब्जेक्ट से प्रत्येक 18 मिनट पर आ रहे रहस्यमय रेडियो सिग्नल, डरे वैज्ञानिक

वॉशिंगटन (ईएमएस)। धरती से 4000 प्रकाशवर्ष की दूरी पर अंतरिक्ष में स्थित एक रहस्यमय ऑब्जेक्ट से रेडियो सिग्नल आ रहे हैं। ये रेडियो सिग्नल प्रत्येक 18 मिनट पर आ रहे हैं,इससे वैज्ञानिक हैरान हैं। ये इसतरहके रेडियो सिग्नल हैं, जिन्हें अब तक वैज्ञानिकों ने कभी नहीं देखा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह न्यूट्रान स्टार हो सकता है या फिर एक सफेद तारे का अवशेष हो सकता है, जिसका चुंबकीय क्षेत्र बहुत ज्यादा शक्तिशाली है या फिर इससे कुछ पूरी तरह से अलग चीज हो सकती है। इस स्पेस ऑब्जेक्ट को सबसे पहले साल 2018 में मार्च महीने में देखा गया था। यह प्रत्येक एक घंटे में एक बार रेडियो सिग्नल छोड़ रहा है। जब यह रेडियो सिग्नल छोड़ता है, उस समय यह धरती से आसानी से देखे जाने वाला सबसे चमकीला रेडियो तरंग हो जाता है। यह एक तरह से खगोलीय लाइट हाउस की तरह से दिखाई देता है। वैज्ञानिकों की जांच में पता चला है कि यह बड़ी मात्रा में ऊर्जा को छोड़ रहा है।

ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक डॉक्टर नताशा हर्ले वाल्कर के नेतृत्व में शोधकर्ताओं के दल ने इस बेहद रहस्ययम ऑब्जेक्ट की खोज की है। उनकी टीम ब्रह्मांड में मौजूद रेडियो तरंगों का नक्शा बना रही थी, इसी दौरान उन्हें इस रहस्यमय ऑब्जेक्ट मिला। डॉक्टर नताशा ने कहा, 'हमारी निगरानी के दौरान यह ऑब्जेक्ट कभी सामने आता है और फिर गायब हो जाता है। यह पूरी तरह से अनपेक्षित है। एक खगोलविद के लिए बहुत डरावना है क्योंकि अंतरिक्ष में ऐसा कुछ नहीं देखा गया था।' डॉक्टर नताशा ने कहा, 'यह हमारी धरती के बेहद पास है जो मात्र 4000 प्रकाशवर्ष दूर है। यह हमारी आकाशगंगा के ठीक पीछे है। उन्होंने कहा कि यह 'अल्ट्रा लांग पीरियड मैगनेटर' से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि किसी ने इसकी सीधे तौर पर खोज की अपेक्षा की थी क्योंकि हमें इस बात का अनुमान नहीं था कि यह इतना ज्यादा चमकीला होगा।

यूक्रेन मामले में रुस को मिला चीन का साथ , अमेरिका अकेला पड़ा

वाशिंगटन (ईएमएस)। यूक्रेन संकट पर अमेरिका अब अकेला पड़ गया है। अमेरिका को चीन का साथ मिलने की उम्मीद भी अब खत्म हो गई है। चीन रूस के साथ खड़ा हो गया है। रूस का समर्थन करने वाले चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि देश की उचित सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से लेकर समस्या का हल निकाना जाना चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग ने गुरुवार को कहा कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से कहा कि यूक्रेन के प्रति रूसी आक्रामकता से वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक जोखिम पैदा होगा।ब्लिंकन ने चीनी विदेश मंत्री से कहा कि संकट को हल करने का एकमात्र तरीका डी-एस्केलेशन एंड डिप्लोमेसी था।

अमेरिका ने बार-बार चेतावनी दी है कि रूस ने यूक्रेन की सीमा पर देश पर अटैक करने के इरादे से 100,000 से अधिक सैनिकों को इकट्ठा किया है। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने आरोप को खारिज कर दिया है कि रूसी सैनिक देश के अंदर कहीं भी मूव कर सकते हैं।

रूस ने पिछले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो को एक सुरक्षा दस्तावेज सौंपा थे, जिसमें उन्हें यूरोपीय सैन्य गठबंधन में यूक्रेन की भागीदारी का जिक्र करते हुए रूस के पूर्वी क्षेत्र में अपनी सीमा का विस्तार नहीं करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि बाइडेन प्रशासन ने कूटनीतिक समाधान की बात कहते हुए रूस की सुरक्षा मांग को खारिज कर दिया है। ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए भविष्य की सदस्यता पर नाटो के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे दृष्टिकोण से, मैं और अधिक स्पष्ट नहीं कह सकता है। नाटो का दरवाजा खुला है, खुला रहता है और यही हमरी प्रतिबंद्धता है।

टाटा का 69 साल का इंतजार समाप्त नहीं होने वाला, टल सकती है एयर इंडिया की घर वापसी!

- अब शुक्रवार को टाटा को सौंपी जा सकती है एयर इंडिया की कमान

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले साल नीलामी के बाद टाटा को एयर इंडिया सौंपने की प्रक्रिया जारी है। लेकिन कुछ ?दिक्कतों की वजह से अभी तक नहीं हो पाई है। टाटा को गुरुवार को एयर इंडिया सौंपे जाने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन आ?खिरी समय पर यह जानकारी ?मिल रही है ?कि टाटा का 69 साल का इंतजार अभी खत्म नहीं होने वाला है। जानकारी के मुता?बिक अब टाटा को एयर इंडिया शुक्रवार को सौंपी जा सकती है। पिछले साल एय इंडिया की हुई नीलामी में टाटा समूह और स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह ने बोलियां पेश की थीं। नीलामी में टाटा समूह की 18 हजार करोड़ रुपए की बोली को बेहतर पाया गया। इसके बाद सरकार ने 8 अक्टूबर को ऐलान कर दिया कि टाटा की बोली नीलामी में सफल चुनी गई है।सरकार ने इस डील के शेयर पर्चेज एग्रीमेंट पर 25 अक्टूबर को हस्ताक्षर कर ?दिए थे। अधिकारियों ने बताया था कि जरूरी सभी औपचारिकताएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि सरकार टाटा को गुरुवार को एयर इंडिया सौंपी सकती है।

टाटा समूह के पास पहले से ही दो एयरलाइन कंपनी विस्तार और एयर एशिया है। अब ए

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया द्वारा गुजरात में विभिन्न 6 प्रोजेक्ट्स में 1.66 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

- 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2022 के अंतर्गत मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ हुआ श्दळ

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में गांधीनगर में आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया लिमिटेड ने राज्य में विभिन्न 6 प्रोजेक्ट्स में 1 लाख 66 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को लेकर श्दळपर हस्ताक्षर किए। 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2022 के अंतर्गत गुजरात सरकार के उद्योग विभाग तथा आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया लिमिटेड के बीच हुए इस श्दळ पर अतिरिक्त उद्योग मुख्य सचिव डॉ. राजीव कुमार गुप्ता तथा आर्सेलर मित्तल निप्पॉन इण्डिया की ओर से सीईओ दिलीप ओमन ने हस्ताक्षर किए। इस श्दळके अनुसार आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया लिमिटेड द्वारा जिन 6 प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स में निवेश किया जाना है, उनमें हज़ीरा स्थित मौजूदा कैप्टिव जेटी के एक्सपॉन्शन तथा मॉडर्नाइजेशन के लिए 4200 करोड़ रुपए, वर्तमान 8.6 श्श्ऊईं के स्टील मैन्युफेक्चरिंग प्लांट की क्षमता बढ़ा कर 18 श्श्ऊईंकरने के लिए 45 हजार करोड़ रुपए, सूरत के सुवाली स्थित ग्रीन प्लांट के कैप्टिव पोर्ट कैपेसिटी सहित एक्सपॉन्शन के लिए 30 हजार करोड़ रुपए तथा किडियाबेट-सूरत में स्टील सिटी तथा इण्डस्ट्रियल कलस्टर के लिए 30 हजार करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। इतना ही नहीं, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया द्वारा राज्य में विभिन्न स्थानों पर 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश के साथ कुल 10 गिगावॉट रिन्यूएबल पावर जनरेशन प्लांट्स स्थापित किए जाएँगे, जिनमें हाईब्रिड, सोलर तथा विण्ड एनर्जी; तीनों का समावेश होगा। इन प्लांट्स में पहले चरण में भावनगर जिले के काना तळाव में 2200 मेगावॉट के प्लांट के लिए भी यह श्दळ हुआ है। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया द्वारा सूरत के हजीरा में अन्य एक डाउन स्ट्रीम, कोक ओवन प्रोजेक्ट्स में भी 17 हजार करोड़ रुपए का निवेश होने वाला है। इन सभी प्लांट्स में कुल मिला कर लगभग 1 लाख 80 हज़ार से अधिक प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। गुजरात सरकार इन प्रोजेक्ट्स को समय पर शुरू करने के लिए नियमानुसार आवश्यक सभी अनुमतियाँ तथा अन्य आवश्यक मामलों के लिए वर्तमान पॉलिसीज तथा नियमों के अधीन रह कर आर्सेलर मित्तल का सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित इस श्दळ साइनिंग अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, उद्योग आयुक्त राहुल गुप्ता तथा आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इण्डिया के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री के बाद अब राजस्व मंत्री राजेन्द्र त्रिवेदी को अस्पताल में भर्ती कराया गया

अहमदाबाद (ईएमएस) शहर समेत राज्यभर में कोरोना ने कहर बरपा रखा है गुजरात भाजपा और कांग्रेस के कई नेता कोरोना संक्रमित हो चुके हैं कोरोना संक्रमित होने के बाद होम आइसोलेट हुए कृषि मंत्री राघवजी पटेल की तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था कृषि मंत्री के बाद अब राजस्व मंत्री राजेन्द्र त्रिवेदी को भी यूएन मेहता अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है बता दें कि अब तक सरकार के कई मंत्री संक्रमित हो चुके हैं जिसमें निमिषा सुथार, हर्ष संघवी, आरसी मकवाणा, ब्रिजेश मेरजा और जीतु चौधरी शामिल हैं भाजपा सांसद पूनम माडम को भी कोरोना हो गया है वहीं कांग्रेस के कई विधायक कोरोना की चपेट में आ चुके हैं जिसमें अनिल जोशियारी, विक्रम माडम, प्रताप दूधात और हिम्मतसिंह पटेल इत्यादि

कोरोना संक्रमित कृषि मंत्री राघवजी पटेल अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात सरकार के कृषि मंत्री राघवजी पटेल को अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया है गत रविवार को कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद राघवजी पटेल जामनगर के धोल स्थित अपने आवास पर होम आइसोलेट हुए थे बीते दिन राघवजी पटेल को बेहतर उपचार के लिए अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल लाया गया है पटेल के पुत्र जयेन्द्र पटेल के मुताबिक उनके पिता की तबियत अच्छी है दूसरी ओर बुधवार को राज्यभर में कोरोना के 14781 नए मरीज सामने आए, वहीं 20829 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गए जबकि 21 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई राज्य में अब तक 10323 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है जबकि 969234 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं गुजरात में 128182 सक्रिय मरीजों में 127883 स्टेबल हैं और 309 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं

धंधुका में किशन भरवाड की हत्या के मामले में दो संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद (ईएमएस) जिले के धंधुका में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर किशन भरवाड की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है घटना को लेकर गृह राज्य मंत्री पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है, उन्हें जल्द न्याय मिलेगा और पुलिस इस दिशा में कार्यरत है दूसरी ओर किशन भरवाड की हत्या के विरोध में आज पूरा धंधूका बंद रहा और कल राणपुर बंद का आह्वान किया गया है अहमदाबाद जिले के धंधूका में किशन भरवाड ने एक धर्म विशेष को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था जिसकी रंजिश में बीते दिन किशन भरवाड की गोली मारकर हत्या कर दी इस घटना से लोगों में आक्रोश भड़क उठा घटना के विरोध में आज पूरा धंधूका बंद रहा और सड़कें सूनसान रही मानों जैसे धंधूका में लॉकडाउन लगा हो घटना को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने तीन 3 दिन में आरोपी नहीं पकड़े नहीं गए तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है हालात को देखते हुए धंधूका में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है साथ ही धंधूका के पीआई सीबी चौहाण को हटा दिया गया और उनकी जगह साणंद के पीआई आरजी खांट को नियुक्त कर दिया गया है जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है इस बीच गृह राज्य मंत्री ने ट्वीट किया है जिसमें उन्होंने लिखा ''अहमदाबाद के धंधूका में किशन भरवाड हत्या के मामले में दो संदिग्ध आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है मैं किशन भरवाड के परिवार को आश्वासन देता हूं कि उन्हें शीघ्र न्याय मिलेगा, जिसके लिए गुजरात पुलिस लगातार कार्यरत है''

गुजरात कांग्रेस प्रमुख का शंकरसिंह वाघेला को कांग्रेस में शामिल होने का न्यौता

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में इस वर्ष के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कवायद तेज कर दी है गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शंकरसिंह वाघेला को फिर एक बार कांग्रेस में शामिल होने का न्यौता दिया है सर्वोदय वेल्फेयर सोसायटी की डायरी के विमोचन कार्यक्रम में जगदीश ठाकोर और शंकरसिंह वाघेला उपस्थित रहे उस वक्त ठाकोर ने वाघेला को कांग्रेस में लौटने का न्यौता दिया है कांग्रेस को अलविद कर चुके शंकरसिंह वाघेला की जगदीश ठाकोर ने जमकर प्रशंसा की उन्होंने कहा कि संघर्ष का दूसरा नाम शंकरसिंह बापू हैं शंकरसिंह की तारीफ करते हुए ठाकोर ने उन्हें अप्रत्य रूप से कांग्रेस में शामिल होने का आमंत्रण भी दे दिया ठाकोर ने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है कि आने वाले दिनों में शंकरसिंह वाघेला हमे मार्गदर्शन देंगे और उनके करकमलों से गुजरात का भविष्य लिखा जाएगा कांग्रेस सूत्रों की मानें तो पाटीदारों के सामाजिक नेता और साथ ही कांग्रेस पुराने दिग्गजों को कांग्रेस से जोड़ने के एक्शन प्लान के तहत जगदीश ठाकोर ने शंकरसिंह वाघेला को पार्टी में आने का न्यौता दिया है दूसरी ओर पाटीदारों के आस्था के केन्द्र खोडलधाम के प्रमुख नरेश पटेल के साथ ही पास नेता अल्पेश कथीरिया को भी कांग्रेस से जोड़ने की कवायद चल रही है गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा ने इस संदर्भ में कहा कि शंकरसिंह वाघेला, नरेश पटेल और अल्पेश कथीरिया का पार्टी में स्वागत है

गुजरात में दैनिक केसों की संख्या घटी, 12911 नए मामले, 23197 ठीक होकर घर लौटे

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में कोरोना के दैनिक मामले लगातार घट रहे हैं और ठीक होनेवालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है गुरुवार को राज्यभर में कोरोना के 12911 नए केस दर्ज हुए, वहीं 23197 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गए जबकि 22 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई गुरुवार को राज्य में 2.13 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया स्वास्थ्य के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में सबसे अधिक 4405 नए केस दर्ज हुए वडोदरा कॉर्पोरेशन में 1871, राजकोट कॉर्पोरेशन में 1008, सूरत कॉर्पोरेशन में 708, वडोदरा में 524, सूरत में 386, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 364, मेहसाणा में 302, पाटन में 270, राजकोट में 259, बनासकांठा में 243, कच्छ में 243, भावनगर कॉर्पोरेशन में 233, आणंद में 196, भरुच में 180, जामनगर कॉर्पोरेशन में 72, वलसाड में 171, मोरबी में 166, गांधीनगर में 158, खेडा में 144, नवसारी में 142, साबरकांठा में 105, अहमदाबाद में 96, सुरेन्द्रनगर में 70, अमरेली में 69, पंचमहल में 50, जामनगर में 43, दाहोद में 37, गिर सोमनाथ में 36, जूनागढ़ में 36, देवभूमि द्वारका में 33, पोरबंदर में 32, भावनगर में 30, महीसागर में 29, तापी में 28, अरवल्ली में 19, छोटाउदेपुर में 15, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 15, नर्मदा में 12, बोटाद में 6 और डांग में 5 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 12911 नए मरीज सामने आए वहीं 23197 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गए राज्य में अब तक 992431 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं गुरुवार को अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 7, राजकोट कॉर्पोरेशन में 3, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 2, मेहसाणा में 2, भरुच में 2, सूरत कॉर्पोरेशन में 1, भावनगर कॉर्पोरेशन में 1, जामनगर कॉर्पोरेशन में 1, वलसाड में 1, नवसारी में 1 और भावनगर में 1 समेत राज्यभर में 22 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है कोरोना राज्य में अब तक 10345 लोगों को निगल चुका है फिलहाल राज्य में 117884 सक्रिय मरीजों में 117580 स्टेब हैं और 304 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं आज राज्य में 213822 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया जिसमें 9 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 556 को दूसरा डोज दिया गया 45 वर्ष से अधिक आयु के 5189 को पहला और 25421 लोगों को कोरोना का दूसरा टीका लगाया गया 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के 23804 को पहली और 67484 लोगों को कोविड की दूसरी वैक्सीन दी गई 15 से 18 वर्षीय 25987 किशोरों को कोरोना का पहला डोज दिया गया जबकि 65372 नागरिकों को बूस्टर डोज दिया गया राज्य में अब तक कुल 9 करोड़ 71 लाख 90 हजार 691 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका है

अमेरिका में मिले मुआवजे पर भारत में आयकर क्यों

आयकर विभाग को हाईकोर्ट का नोटिस

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात हाईकोर्ट ने आयकर विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गुजरात की महिला के पति को मुआवजे की राशि अमेरिका में प्राप्त हुई थी। उस आय पर आयकर विभाग द्वारा टैक्स डिमांड का नोटिस जारी किए जाने पर हाईकोर्ट ने आयकर विभाग से जवाब मांगा है।

यह मामला 1986 का है। जिसमें मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान को हाईजैक कर लिया गया था। इस आतंकी हमले में तृप्ति दलाल नामक महिला के पति सहित 51 लोग मारे गए थे। तृप्ति दलाल ने एयरलाइन पर केस कर मुआवजा मांगा था। लीबिया की सरकार ने अमेरिका को बतौर मुआवजा के 11965 करोड़ रुपए का भुगतान अमेरिका को किया था। अमेरिका की सरकार ने तृप्ति दलाल के पति की मौत हो जाने पर 34.24 लाख रुपए का मुआवजा दिया था। इस राशि पर आयकर विभाग ने टेक्स का नोटिस भेजा। इस नोटिस के खिलाफ महिला ने गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने आयकर विभाग से पूछा है, कि किस नियम के तहत यह डिमांड की जा रही है। याचिका पर अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी।

कांग्रेस सांसद और विधायक केन्द्रीय पार्टी, संगठन के लोगों के लिए जगह नहीं : जयराजसिंह

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले लोगों को जोड़ने के प्रयासों में जुटी प्रदेश कांग्रेस में चल रही अंदरुनी कलह पार्टी प्रवक्ता के एक ट्वीट से सामने आ गई है गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता जयराजसिंह परमार ने एक ट्वीट कर पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं जयराजसिंह परमार ने अपने ट्वीट में लिखा '' कांग्रेस पक्ष हमेशा संसद सदस्यों और विधायकों केन्द्रीत पार्टी रही है कांग्रेस पार्टी में संगठन के लोगों का कहीं स्थान नहीं होता, फिर संगठन का महत्व कैसे बढ़ेगा?'' जयराजसिंह परमार के ट्वीट का कांग्रेस नेता मनहर पटेल ने समर्थन किया है मनहर पटेल ने ट्वीट कर लिखा ''मुझे भयंकर डर लग रहा है कि कहीं ऐसा न हो कि सही समय पर सच्चे कांग्रेसी योद्धा घर न बैठ जाएं बोटाद जिला पंचायत के चुनाव में सभी नामांकन रद्द हुए थे, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद पार्टी में कोई गंभीर चर्चा नहीं, कोई चिंतन नहीं, प्रमुख और प्रभारी समेत वरिष्ठ नेताओं का इस बारे में ध्यान आकृष्ट किया था'' जयराजसिंह परमार और मनहर पटेल की नाराजगी ऐसे समय में आई है, जब प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व पाटीदारों की संस्था खोडलधाम के प्रमुख नरेश पटेल, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला और पास नेता अल्पेश कथीरिया को कांग्रेस से जोड़ने का प्रयास कर रहा है गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रघु शर्मा पार्टी में नरेश पटेल का स्वागत करने को बेताब हैं गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जगदीश ठाकोर एक कार्यक्रम में शंकरसिंह वाघेला को पार्टी में शामिल होने का न्यौता दे चुके हैं इसके अलावा हाल ही में कांग्रेस विधायक ललित कथगरा, प्रताप दूधात और किरीट पटेल ने अल्पेश कथीरिया से मुलाकात कर पार्टी से जोड़ने की कोशिश की थी माना जा रहा है कि जयराजसिंह परमार ने इन्हीं घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ट्वीट कर अपनी नाराजगी जाहिर की है जयराजसिंह के विचार से यह काम संगठन को करना चाहिए, उसके बजाए कांग्रेस विधायक कर रहे हैं

अब जांच के लिए कनाडा पहुंची गुजरात की टीम

गैरकानूनी रूप से अमेरिका में एंट्री करने के दौरान हुई मौत मामले में

अब अवैध तरीके से प्रवेश कराने वाले एजेंट को जमानत पर छोड़ दिया गया

अहमदाबाद, २७ जनवरी ।

गुजरात के पटेल परिवार के चार सदस्य की कनाडा से अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने के दौरान हुई मौत की मामले में जांच के लिए गुजरात की टीम कनाडा के विनीबैग पहुंची । उधर इस परिवार को गैरकानूनी रूप से एंट्री कराने वाले एजेंट को जमानत पर छोड़ दिया गया है ।

गुजरात की गांधीनगर जिले के डिंगुचा गांव से कनाडा पहुंचे इस परिवार के अमरीकी सीमा पर बर्फबारी का शिकार हुए चार सदस्यों की मौत की पुष्टि के लिए पुलिस डीएनए टेस्ट करायेगी । गांधीनगर के कलेक्टर कुलदीप आर्य ने बताया कि मंगलवार तक भी मृतकों के संदर्भ में अधिकारी ग्रुप से कोई जानकारी नहीं मिल पाई । अवैध तरीके से सीमा पार करने के आरोप में भारत में अभी तक सात एजेंट को गिरफ्तार किया जा चुका है । कनाडा से अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने का जिम्मा संभाल रहे थे एजेंट स्टीव शेंड को मिनीसोटा कोर्ट ने जमानत पर छोड़ दिया है ।

स्टीव अमरीकी प्रांत फ्लोरिडा रहने वाला है । उसे मिनीसोटा कोर्ट ने शहर नहीं छोड़ने इस केस से जुड़े यात्रा दस्तावेज सौंपने व जांच में मदद जैसी शर्त पर जमानत दी है ।

खबर यह भी आ रही है कि इसी गांव से अब तक कई परिवार इसी तरह अवैध तरीके से सीमा पार कर अमेरिका में जा बसे हैं । एक परिवार के तीन सदस्य से भी लंबे समय से संपर्क नहीं होने की बात सामने आई है । कुछ समय पहले ही यह परिवार भारत से टर्की के लिए रवाना हुआ था । अमेरिका ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप आदि देशों में जाना गुजरातियों का हमेशा सपना रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो सबसे अधिक अमेरिका में ४४ लाख ६०,००० भारतीय बसे हैं।

इसके बाद यूएई में ३४ लाख, मलेशिया में २९ लाख, म्यांमार में २० लाख, यूके में १७ लाख, कनाडा में १७ लाख तथा दक्षिण अफ्रीका में करीब १६ लाख भारतीय जा बसे हैं । गुजरात में कमी गांवों की पहचान एनआरआई गांव के रूप में बनती जा रही है । चरोतर इलाके के कई गांव ऐसे हैं जहां पर अब सिर्फ बुजुर्ग नजर आते हैं युवा लोगों की संख्या गिनी चुनी ही रह गई ।

ओखा-तूतीकोरिन और राजकोट-कोयंबटूर ट्रेनें 6 फरवरी तक आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

दक्षिण पश्चिम रेलवे के पेनुकोंडा यार्ड में नॉन-इंटरलोकिंग कार्य के चलते 28 जनवरी, 2022 से लेकर 6 फरवरी, 2022 तक राजकोट डिविजन से होकर जाने वाली कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम श्री अभिनव जेफ के अनुसार परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

1. ट्रेन संख्या 19568 ओखा-तूतीकोरिन विवेक एक्सप्रेस 28 जनवरी और 4 फरवरी, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया गुंतकल-रेणिगुंटा-जोलारपेट्टै-सेलम होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर, येलहंका, कृष्णराजपुरम और बंगारपेट शामिल हैं।

2. ट्रेन संख्या 19567 तूतीकोरिन-ओखा विवेक एक्सप्रेस 30 जनवरी और 6 फरवरी, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया सेलम-जोलारपेट्टै-रेणिगुंटा-गुंतकल होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें बंगारपेट, कृष्णराजपुरम, येलहंका, हिंदूपुर, धर्मावरम और अनंतपुर शामिल हैं।

3. ट्रेन संख्या 16613 राजकोट-कोयंबटूर एक्सप्रेस 30 जनवरी और 6 फरवरी, 2022 को परिवर्तित मार्ग वाया गुंतकल-रेणिगुंटा-जोलारपेट्टै-तिरुपत्तूर होकर चलेगी। जिन स्टेशनों पर यह ट्रेन नहीं जाएगी उसमें गुत्ती, अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर, येलहंका, कृष्णराजपुरम और बंगारपेट शामिल हैं।

रेल यात्रियों से निवेदन है कि वे उपरोक्त फेरबदल को ध्यान में रखकर अपनी यात्रा प्रारम्भ करें और ट्रेनों के परिचालन संबन्धित नवीनतम अपडेटस की जानकारी के लिए .ाहलि ब.ग्र्हीं ग्तु दन.ग्ह पर जाकर अवलोकन करें ताकि किसी प्रकार कि असुविधा ना हो।

रेलवे भर्ती बोर्ड-अहमदाबाद ने एनटीपीसी और आरआरसी उम्मीदवारों को उनके मुद्दों को जानने के लिए बुलाया

एनटीपीसी के उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए निम्नलिखित मुद्दों को देखने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा एक उच्च शक्ति समिति का गठन किया गया है:-

1. मौजूदा शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को प्रभावित किए बिना ण्ि 01/2019 (NTPC) के 1 ठस्टेज ण्ऊ के परिणाम और दूसरे चरण के CBT के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणाली।

2. CEN RRC 01/2019 में द्वितीय चरण CBT के संबंध में।

इस दिशा में, जो उम्मीदवार उपरोक्त संबंध में अपनी चिंताओं या शिकायतों को दर्ज करना चाहते हैं, वे आरआरबी- अहमदाबाद के अध्यक्ष के कार्यालय में वर्किंग दिनों में 10.30 बजे से 17.30 बजे तक 15 फरवरी 2022 तक अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड, अहमदाबाद जी.सी.एस. हॉस्पिटल के सामने मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के पास,रतीलाल चाली नं.2 के बाजू में, अमदुपुरा, अहमदाबाद गुजरात-382345 में मिल सकते हैं। उम्मीदवार अपनी शिकायत फोन नंबर 079-22940858 और ई मेल आईडा **as-rRadi@nic.in** पर विधिवत अपना नाम, मोबाइल नंबर और एनटीपीसी परीक्षा के रोल नंबर देते हुए उसे दर्ज कर सकते हैं।

संबंध निश्चित होने पर ब्लेकमेल करने लगा

एलन क्लासिस के टीचर ने २ वर्ष तक विद्यार्थिनी को शिकार बनाया

अहमदाबाद, २७ जनवरी ।

शहर की वस्त्रापुर पुलिस ने एलन क्लासिस के टीचर की गिरफ्तारी की है । ऐसा आरोप है कि, यह एलन नाम के निजी टयुशन क्लासिस का यह शिक्षक विद्यार्थिनी के साथ दो वर्ष से दुष्कर्म कर रहा था । आरोपी शिक्षक मंयक दीक्षित ने वर्ष २०११ से २०१८ तक विद्यार्थिनी के साथ दुष्कर्म किया था ।

जबकि विद्यार्थिनी की शादी की बात आयी तो आरोपी ने विडियो वायरल कर देने की धमकी दी थी और ब्लेकमेल करते होने का आरोप है । आखिर में परेशान होकर पीड़िता वस्त्रापुर पुलिस स्टेशन पहुंच गई थी और इस लंपट शिक्षक के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराई थी । पुलिस ने अपराध दर्ज करके आरोपी की गिरफ्तारी करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है । पीड़िता ने पुलिस को की गई शिकायत के अनुसार थलतेज में स्थित एलन क्लासिस में मंयक दीक्षित शिक्षक के तौर पर विद्यार्थियों को पढ़ाने का काम करता है । यह क्लासिस में पीड़िता किशोरी वर्ष २०१६ के दौरान पढ़ने के लिए आती थी । पीड़िता का आरोप है कि इस लंपट शिक्षक की इस पर नजर बिगड़ गई थी । बाद में उसने वर्ष २०१८ तक दुष्कर्म किया था । इसके बाद पीड़िता की शादी निश्चित हुई थी । यह लंपट शिक्षक को यह बात बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगी । यानी कि उसने पीड़िता को ब्लेकमेल करना शुरू कर दिया था । जिसकी वजह से अन्य जगह पर शादी कर सके नहीं । लंपट शिक्षक की इस हरकतों से पीड़िता परेशान हो गई थी । आखिर में उसने अपने परिवार को आपबीती बताई थी । यह बात सुनकर इसका परिवार को भी आघात लगा था । इसके बाद परिवार ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया था । जबकि पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की तो पुलिस ने इसका निवेदन दर्ज करके अपराध दर्ज कर लिया है । बाद में आगे की कार्रवाई शुरू करके आरोपी लंपट शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है ।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने प्रभास पाटन में फहराया तिरंगा

- धूमधाम से मनाया गया 73वां गणतंत्र दिवस: गिर सोमनाथ जिले में आयोजित हुआ राज्यस्तरीय समारोह

अहमदाबाद (ईएमएस) 73वें गणतंत्र दिवस की सुबह गिर सोमनाथ जिले के वेरावल-प्रभास पाटन के सद्भावना मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने तिरंगा फहराया। उन्होंने तिरंगे को सलामी देकर गिर सोमनाथ से पूरे राज्य की जनता को 73वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने तिरंगा फहराया तब राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ वायु सेना के हेलीकॉप्टर से समारोह स्थल पर पुष्प वर्षा की गई। कोविड-19 की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर कोविड प्रोटोकॉल के साथ आयोजित इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री ने खुली जीप पर सवार होकर विभिन्न प्लाटूनों का निरीक्षण कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव पंकज कुमार और पुलिस महानिदेश आशीष भाटिया मौजूद थे। परेड की कमान सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस अभिषेक गुप्ता ने संभाली और द्वितीय परेड कमांडर के रूप में सहायक पुलिस आयुक्त सागर साबड़ा मौजूद रहे। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्लाटून में पहले स्थान पर गुजरात जेल पुलिस प्लाटून, दूसरे स्थान पर गुजरात मरीन कमांडो प्लाटून और तीसरे स्थान पर जूनागढ़ महिला पुलिस प्लाटून रही। जबकि पैरा मिलिट्री श्रेणी में द्रुत कार्य बल (आरएएफ) के प्लाटून कमांडर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2022 विजेता और शारीरिक अक्षमता के बावजूद योग में महारत हासिल करने वाली गुजरात की बेटी अन्वी झांझरूकिया को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सम्मानित किया। वहीं, करुणा अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशु चिकित्सक डॉ. पार्थ कुमार मेहता, प्रकृति नेचर क्लब के योगेशभाई चूड़ास्मा, आगा खान एजेंसी फॉर हैबिटेट चित्रावड़ के अरविंदभाई भगवानभाई मेर, स्वयंसेवक सुरेशभाई बचुभाई बाखलखिया और नितिनभाई हरेशभाई राम का मुख्यमंत्री ने सम्मान किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं एवं कार्यकर्ताओं को कोरोना टीके की प्रीकॉशन डोज दी गई। मुख्यमंत्री ने गिर सोमनाथ के कलक्टर राजदेवसिंह गोहिल को नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए 2.50 करोड़ रुपए और जिला विकास अधिकारी रवींद्र खताले को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए 2.50 करोड़ रुपए का चेक सौंपा। गणतंत्र पर्व समारोह में विभिन्न सुरक्षा बलों की 18 प्लाटून द्वारा अनुशासित तरीके से परेड की गई। इस प्लाटून में तटरक्षक बल, आरएएफ-वस्त्राल, मरीन कमांडो-जामनगर, जूनागढ़ महिला पुलिस प्लाटून, राजकोट शहर पुलिस की महिला प्लाटून, गिर सोमनाथ जिला पुलिस, गुजरात जेल पुलिस, पोरबंदर जिला पुलिस, अहमदाबाद शहर यातायात पुलिस, गुजरात वन विभाग की महिला प्लाटून, जिला होमगार्ड प्लाटून, जिला सागर रक्षक बल प्लाटून, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्रों की प्लाटून, गुजरात श्वान दल, गुजरात अश्व दल और राज्य आरक्षित पुलिस (एसआरपी) की पाइप बैंड प्लाटून ने कदमताल करते हुए राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री ने सोमनाथ महादेव मंदिर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। कार्यक्रम के बाद सोमनाथ ट्रस्ट की गौशाला पहुंचकर श्री भूपेंद्र पटेल ने पौधारोपण किया और चंदन वन का निरीक्षण किया। समारोह में सांसद राजेशभाई चूड़ास्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. राकेश, जिला पंचायत अध्यक्ष रामीबेन वाझा, विधायक पूंजाभाई वंश, विमलभाई चूड़ास्मा, प्रदेश भाजपा मंत्री झवेरीभाई ठकरार, जिला कलक्टर राजदेवसिंह गोहिल, पूर्व मंत्री जशाभाई बारड़, पूर्व विधायक राजशीभाई जोटवा, जेडी सोलंकी, नगर पालिका अध्यक्ष पीयूषभाई फोफंडी, सोमनाथ जिला भाजपा अध्यक्ष मानसिंह परमार, पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी सहित समाज के अग्रणी एवं नागरिक उपस्थित थे।

अहमदाबाद मंडल पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 73वाँ गणतंत्र दिवस

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर 73 वाँ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2022 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अहमदाबाद मंडल के सभी स्टेशनों, कार्यालयों, वर्कशॉप, चिकित्सालयों, डीजल शेडों में वहाँ के प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण गया। अहमदाबाद मंडल का मुख्य कार्यक्रम के अहमदाबाद मंडल स्पोर्ट ग्राउन्ड साबरमती में आयोजित किया गया, जहां मंडल रेल प्रबंधक अहमदाबाद श्री तरुण जैन द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। इसके उपरांत श्री जैन द्वारा रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस एवं भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित परेड का वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त की अगुआई में निरीक्षण किया गया।

परेड निरीक्षण के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक श्री तरुण जैन द्वारा महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया। संदेश का वाचन करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने कहा कि आज हम अपने प्रिय राष्ट्र का 73 वाँ गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस पावन अवसर पर मैं सभी रेलकर्मियों और उनके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिवस हमें अपने देश के प्रति कर्तव्यों और प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे के गणतंत्र दिवस के संदेश वाचन में पश्चिम रेलव